दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 03 अप्रैल -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 100 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## होर्मुज खोलने के लिए एक्टिव हुआ ब्रिटेन

# ब्रिटिश पीएम ने दिया भारत को न्योता

## रास्ता खोलने पर हो रही है 35 देशों की बैठक



**नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट को खोलने के लिए ब्रिटेन एक बड़ी पहल कर रहा है। इस पहल में ब्रिटिश पीएम कीर स्टॉर्मर ने भारत को भी पार्टनर बनाया है और बातचीत के लिए भारत को न्योता दिया है। इस बातचीत में दुनिया के 35 बड़े देश शामिल हो रहे हैं। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि इस मीटिंग में भारत की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी वर्चुअली शामिल हो रहे हैं। ब्रिटेन का होर्मुज समिट दरअसल एक बहुपक्षीय अंतरराष्ट्रीय बैठक है, जिसे पीएम कीर स्टॉर्मर की सरकार ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खुलवाने के लिए शुरू किया है। ईरान वॉर शुरू होने के कुछ ही दिन बाद ईरान की सेना क्क्क्क्ष ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद अथवा नियंत्रित कर दिया है। इससे भारत, चीन, जापान, मलेशिया, इंडोनेशिया समेत कई देशों की पेट्रोल-डीजल सप्लाई प्रभावित हुई है।

इसके बाद इस मार्ग को खुलवाने के लिए ब्रिटिश पीएम ने पहल की है। यह समिट पश्चिम एशिया युद्ध के बीच उस समय हो रही है, जब दुनिया के सबसे अहम तेल मार्गों में से एक लगभग ठप हो चुका है और सैकड़ों जहाज फंसे हुए हैं। दरअसल होर्मुज समिट डिप्लोमैटिक-मैरिटाइम कोऑर्डिनेशन प्लेटफॉर्म है। इसमें करीब 30झ्35 देश मिलकर तीन बड़े मुद्दों पर रणनीति बना रहे हैं। ब्रिटेन की विदेश मंत्री इस बैठक की अगुवाई कर रही हैं। इस बैठक के पहले चरण में डिप्लोमैटिक और राजनीतिक विकल्पों पर चर्चा की जा रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने होर्मुज से जुड़ी भारत की चिंताओं पर कहा कि, हम ईरान और वहां के अन्य देशों के संपर्क में है।

# हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट से बंद हो गई हैं तीन शहरों की उड़ान

## सांसद अतुल गर्ग बोले, हम कर रहे हैं प्रयास और हमें है इस बात का पूरा संज्ञान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट गाजियाबाद का एक बड़ा प्रोजेक्ट है। वर्ष 2019 में चुनाव घोषणा से ठीक दो दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घरेलू हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था। उनके प्रयासों से ये प्रोजेक्ट बना था। इसके बाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग आये और उन्होंने यहां से उड़ान शुरू करने के लिए अतिरिक्त जोर लगाये। उनका प्रयास सफल रहा और यहां से उड़ान शुरू हो गई। लोगों के लिए हवाई सफर आसान हुआ। खासतौर से नोएडा, ट्रांस हिंडन, गाजियाबाद और मेरठ हापुड़, जैसे क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों को एक सुविधा हुई। यहां से कई शहरों की उड़ानें संचालित हुई। जब गोवा के लिए उड़ान शुरू हुई तो पूरी भाजपा एक परिवार के रूप में यहां से जनप्रतिनिधियों के साथ गोवा टूर पर गई। संदेश गोवा उड़ान का देना था लेकिन इसके बाद धीरे धीरे उड़ान पर ब्रेक लगे। बताया गया कि यहां विमानों के खड़े करने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का ये ड्रीम प्रोजेक्ट है और उन्होंने अतिरिक्त किये और यहां व्यवस्थाओं को सुचारू कराया। लेकिन बताते हैं कि हिंडन एयरपोर्ट पर फिर से उड़ान बाधित हो रही हैं। यहां तीन शहरों के लिए उडान बंद हो गई हैं। जिन शहरों के लिए उड़ान बंद हुई हैं उनमें पटना, मुबंई और अहमदाबाद शहर हैं।

तीनों ही अलग अलग राज्य हैं जिनमें बिहार, महाराष्ट्र और गुजरात हैं। सूत्र बताते हैं कि तीन शहरों की उड़ान बंद होने के पीछे फ्लाईट कंपनिया अपना तर्क दे रही हैं। कंपनियों का तर्क ये है कि यहां से पर्याप्त मात्रा में यात्री नहीं है और उड़ानें प्रभावित हो रही हैं। लिहाजा ऐसे में हवाई कंपनियों ने हाथ खड़े कर दिये हैं और हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट से अब इन तीन शहरों के लिए उड़ान बंद की गई हैं। प्रधानमंत्री ने जिस एयरपोर्ट का उद्घाटन किया और सांसद अतुल गर्ग ने कार्यभार संभालते ही सबसे पहला काम यहां से फ्लाईट शुरू कराने का किया। उनके प्रयास भी सफल हुए और उनकी मेहनत भी रंग लाई। लोगों के लिए भी सफर आसान हुआ। अब जब तीन शहरों की उड़ान बंद हो गई है और ये क्षेत्र भी गाजियाबाद लोकसभा का है तो दैनिक करंट क्राइम ने उड़ान को लेकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से बात की।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि ये पूरा मामला उनके संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिशें उड़ानों को सफलतापूर्वक संचालित कराने की हैं। सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि पहला तो इस बात का पता लगाया जा रहा है कि उड़ानें किस आधार पर बंद हुई हैं ताकि कारण पता चलने पर उन समस्याओं को दूर कराया जाये। उन्होंने कहा कि उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से उनकी मुलाकात होगी। उन्होंने केन्द्रीय उड्डयन मंत्री से मुलाकात का समय मांगा है। वो इस मुलाकात में इस पूरे विषय को रखेंगे और मिलकर समाधान निकालेंगे। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि उडान की स्थिति उनके संज्ञान में है वो इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं।

# यूपीपीएससी में 50वीं रैंक लाकर श्वेता त्यागी ने बढ़ाया मान, प्रवीण त्यागी ने दी बधाई

## बीडीएस की पढ़ाई के बाद हासिल की बड़ी सफलता, क्षेत्र में खुशी की लहर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यूपीपीएससी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए श्वेता त्यागी ने 50वीं रैंक हासिल कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खास बात यह है कि श्वेता त्यागी ने बीडीएस (दंत शल्य चिकित्सा स्नातक) की पढ़ाई भी पूरी की है, जिसके बाद उन्होंने यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

श्वेता त्यागी, जिनके पिता महेश त्यागी और माता शशि त्यागी हैं, मूल रूप से गांव खड़खड़ी (हापुड़) की निवासी हैं और वर्तमान में श्याम विहार फेज 2, मुरादनगर में रहती हैं। उनके भाई अंकित त्यागी ने भी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

इस उपलब्धि पर वीवीआईपी समूह के प्रबंध निदेशक एवं बीसीसीआई अध्यक्ष प्रवीण त्यागी ने श्वेता त्यागी को आशीर्वाद देते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्वेता की मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा है। प्रवीण त्यागी ने विशेष रूप से उनकी लगन और निरंतर प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली युवा देश का भविष्य हैं और समाज को नई दिशा देने का कार्य करेंगे। श्वेता त्यागी की इस सफलता से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में उत्साह और गर्व का वातावरण है।

# समाजवादी पार्टी की बैठक से निकला संदेश : साहिबाबाद और मुरादनगर सीट जाएंगी कांग्रेस के पास!

गौरव शशि नारायण

## स्थानीय अध्यक्षों को छोड़नी होगी टिकट की आस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में प्रदेशभर के जिला और महानगर अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक कर आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति को लेकर साफ दिशा तय कर दी। इस बैठक को संगठन के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसमें सीधे तौर पर यह स्पष्ट कर दिया गया कि अब पार्टी में टिकट का आधार केवल जमीनी काम, सक्रियता और सकारात्मक रिपोर्ट होगी। बैठक में अखिलेश यादव ने दो टूक संदेश देते हुए कहा कि जो नेता अपने क्षेत्र में मेहनत कर रहे हैं, जनता के बीच मजबूत पकड़ रखते हैं और संगठन को मजबूती दे रहे हैं, वही आगे बढ़ेंगे। सूत्र बताते हैं कि यहां ये भी स्पष्ट किया गया है कि मुरादनगर और साहिबाबाद सीट गठबंधन के धर्म में कांग्रेस को दी जा सकती है। बताया जा रहा है कि यह निर्णय हाल ही में कराए गए एक सर्वे के आधार पर लिया गया है। वहीं चर्चा यह भी है कि पार्टी के जिला और महानगर अध्यक्ष को टिकट नहीं दिए जाएंगे। उन्हें संगठन और चुनाव प्रबंधन पर फोकस करना होगा। वहीं, सिर्फ सिफारिश या दबाव के दम पर टिकट की उम्मीद रखने वालों को इंतजार करना पड़ेगा। इस साफ संकेत से पार्टी के अंदर उन नेताओं को बड़ा झटका माना जा रहा है जो अभी से 2027 के लिए अपनी दावेदारी मजबूत मानकर चल रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी जल्द ही एक नया ड्राफ्ट रूल लाने जा रही है, जो संभवतः 10 अप्रैल तक सामने आ सकता है। इस ड्राफ्ट के लागू होने के बाद विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों के संगठनात्मक और चुनावी समीकरणों में बदलाव देखने को मिल सकता है। खास तौर पर बूथ स्तर पर नए सिरे से रणनीति बनाई जाएगी, जिससे चुनावी गणित पर सीधा असर पड़ना तय है।



**बूथ प्रबंधन पर फोकस :** बैठक में यह भी सामने आया कि रकफ प्रक्रिया के बाद वोटर लिस्ट और बूथ प्रबंधन को लेकर पार्टी गंभीरता से काम करने जा रही है। माना जा रहा है कि बूथों के पुनर्गठन और मतदाता सूची में संभावित बदलाव कई विधानसभा सीटों का पूरा समीकरण बदल सकते हैं। ऐसे में सपा अब पहले से ज्यादा माइक्रो लेवल पर चुनावी तैयारी में जुटने जा रही है। संगठन की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अखिलेश यादव ने विधानसभा स्तर पर बनी कमेटियों की रिपोर्ट की जांच कराने के भी संकेत दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि किसी भी स्तर पर गलत या भ्रामक रिपोर्ट देने वाले पदाधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। इससे साफ है कि पार्टी अब केवल कागजी दावों के बजाय जमीनी हकीकत के आधार पर निर्णय लेने की तैयारी में है।

### लोकसभा चुनाव की तरह करनी है मेहनत

करंट क्राइम : इसके साथ ही बैठक में लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को विधानसभा में दोहराने पर भी जोर दिया गया। जिला और महानगर अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें, कार्यकताओं को सक्रिय रखें और चुनावी माहौल बनाने पर ध्यान दें। कुल मिलाकर, लखनऊ में हुई यह बैठक समाजवादी पार्टी के लिए 2027 विधानसभा चुनाव का शुरूआती रोडमैप साबित हो रही है। अखिलेश यादव ने साफ कर दिया है कि अब पार्टी में वही नेता आगे बढ़ेगा जो जमीन पर मजबूत होगा और जिसकी रिपोर्ट संगठन के स्तर पर सकारात्मक होगी। ऐसे में आने वाले समय में सपा के भीतर टिकट वितरण से लेकर संगठनात्मक ढांचे तक बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

# क्राइम ब्रांच परिसर में पंचमुखी हनुमान मंदिर का भव्य उद्घाटन

## अब हाईटेक कैफेटेरिया से बढ़ेगी पुराने पुलिस ऑफिस की शान, वॉटर फाउंटेन पार्क बना आकर्षण का केंद्र



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के क्राइम ब्रांच परिसर में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर पंचमुखी हनुमान मंदिर का भव्य उद्घाटन विधि-विधान, हवन-पूजन और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर, केशव चौधरी, डीसीपी धवल जायसवाल, डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी, डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन, एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, क्राइम ब्रांच प्रभारी अनिल राजपूत सहित कई राजपत्रित अधिकारी और पुलिस स्टाफ मौजूद रहे। मंदिर उद्घाटन के साथ ही पूरे परिसर में आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण देखने को मिला। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और आगंतुकों ने प्रसाद ग्रहण किया। क्राइम ब्रांच परिसर में बनाए गए पंचमुखी हनुमान मंदिर का निर्माण पुलिस विभाग के प्रयासों से कराया गया है। उद्घाटन के दौरान विधिवत पूजा-अर्चना, हवन और आरती का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने इसे पुलिसकर्मियों के मानसिक संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया गया है।

### हाईटेक कैफेटेरिया और वॉटर फाउंटेन पार्क बना आकर्षण का केंद्र



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा परिसर में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कैफेटेरिया का भी उद्घाटन किया गया। इस कैफेटेरिया की खास बात यह है कि यहां पांच देशों की समय दशार्ने वाली घड़ियां लगाई गई हैं। स्वच्छ, आरामदायक और किफायती भोजन की व्यवस्था के साथ यह स्थान पुलिसकर्मियों, महिला थाना, इंटेलिजेंस ऑफिस और क्राइम ब्रांच में आने वाले लोगों के लिए उपयोगी साबित होगा। साथ ही वॉटर फाउंटेन पार्क, बच्चों के लिए क्रीड़ा स्थल और भगवान शिव की भव्य प्रतिमा का भी उद्घाटन किया गया, जिससे परिसर की सुंदरता और उपयोगिता दोनों बढ़ी हैं।

### लगातार बदल रहा है पुलिस कमिश्नरेट का इंफ्रास्ट्रक्चर



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते कुछ समय से इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। आधुनिक कार्यालय, सुसज्जित थाना परिसर और बेहतर सुविधाओं के माध्यम से पुलिसिंग को अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने पूरे परिसर का निरीक्षण करते हुए क्राइम ब्रांच टीम की सराहना की और इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास पुलिसकर्मियों के कार्य वातावरण को बेहतर बनाने के साथ-साथ जनता के बीच पुलिस की सकारात्मक छवि को भी मजबूत करते हैं। कुल मिलाकर यह आयोजन न केवल धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि गाजियाबाद पुलिस के बदलते और आधुनिक होते स्वरूप को भी दशार्ता है।


# लाइन पार के किस मोहल्ले का नाम बदलने का प्रस्ताव लाएगा सियासी हलके में तूफान

## मंत्री के लैटर से अलर्ट हो गए हैं विधायक और लखनऊ तक पहुंच गया है पैगाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** गाजियाबाद नगर निगम की प्रस्तावित बोर्ड बैठक भले ही स्थगित हो गई हो, लेकिन उससे पहले उठे एक प्रस्ताव ने सियासी और सामाजिक हलकों में हलचल तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार, लाइन पार क्षेत्र के एक मोहल्ले का नाम बदलने को लेकर एक मंत्री की ओर से भेजा गया पत्र अब चर्चा का बड़ा विषय बन गया है। सूत्रों का कहना है कि यह पत्र भाजपा से जुड़े एक मोर्चा पदाधिकारी के निवेदन के आधार पर भेजा गया है, जिसमें संबंधित क्षेत्र का नाम बदलने की मांग की गई है।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि जिस इलाके में एक खास समुदाय की बहुलता है, वहां दूसरे धर्म से जुड़ा नाम होना उचित संदेश नहीं देता है और इसे बदलने की आवश्यकता बताई गई है। बताया जा रहा है कि इस पत्र को वेरी इंपॉर्टेंट मार्क करते हुए नगर निगम के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों तक पहुंचाया गया। इसके बाद यह मामला तेजी से प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का केंद्र बन गया।

### लखनऊ तक पहुंची गूंज




करंट क्राइम : सूत्रों से मिली जानकारी के बाद इस पूरे मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी गूंज लखनऊ तक पहुंच गई है। सूत्रों के मुताबिक, कुछ लोगों ने इस प्रस्ताव को लेकर उच्च स्तर पर आपत्ति और अपनी राय दर्ज कराई है, जिसके बाद अब इस मुद्दे पर सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की कोशिश की जा रही है। सूत्र बताते हैं कि इसी क्षेत्र को लेकर भाजपा के ही एक अन्य विधायक भी पहले से कुछ तैयारी में थे, लेकिन चूंकि मामला सीधे एक मंत्री से जुड़ा हुआ है, इसलिए उन्होंने फिलहाल दूरी बनाए रखी है। इससे पार्टी के अंदर भी हल्की सियासी खींचतान की चर्चा सामने आ रही है।

### अगली बोर्ड बैठक पर नजरें



करंट क्राइम : फिलहाल यह प्रस्ताव लंबित है और अब सबकी निगाहें नगर निगम की अगली बोर्ड बैठक पर टिकी हैं। देखना होगा कि इस संवेदनशील मुद्दे पर प्रशासन और जनप्रतिनिधि क्या रुख अपनाते हैं। क्या नाम परिवर्तन को मंजूरी मिलेगी या फिर इस पर और मंथन किया जाएगा। कुल मिलाकर, लाइन पार के इस मोहल्ले का नाम बदलने का मामला अब सिर्फ एक प्रशासनिक प्रस्ताव नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक बहस का बड़ा विषय बनता जा रहा है।



# बंगाल में मतदाता सूची पर रार मालदा में हुआ विरोध-प्रदर्शन

**प्रदर्शन**

**प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उनके कई नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए**



**कलकत्ता।** पश्चिम बंगाल के मालदा में गुरुवार सुबह से एक नया विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। इस बार पुराने मालदा ब्लॉक के मंगलबाड़ी इलाके में। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वैध दस्तावेज होने के बावजूद उनके कई नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। गुरुवार को रात में कुछ घंटों के लिए खोले जाने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 को फिर से अवरुद्ध कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने टायरों में आग लगा दी और सड़क को बांस से अवरुद्ध कर दिया। स्थिति पर नजर रखने के लिए मालदा पुलिस स्टेशन की पुलिस टीमों और सीएपीएफ के जवानों को नाकाबंदी स्थल पर तैनात किया गया है।

बुधवार को कालियाचक प्रदर्शन में उठाई गई मांगों को लेकर आज पुराने मालदा ब्लॉक में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सभी वैध दस्तावेज होने के बावजूद मतदाता सूची से उनके नाम हटाए जाने के विरोध में वे प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार सुबह से ही मालदा के विभिन्न इलाकों में लोग अपने नाम हटाए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग काफी देर तक अवरुद्ध रहा और न्यायिक अधिकारियों को भी घेर लिया गया। बाद में देर रात उन्हें रिहा कर दिया गया।

बुधवार रात को मालदा के कालियाचल में जमा हुई भीड़ सुबह से वहां नजर नहीं आई। लोग सुबह से सड़कों पर निकलने भी लगे हैं। हालांकि, दबा हुआ तनाव अभी भी बरकरार है। गुरुवार सुबह से ही उन इलाकों में पुलिस ने चौकियां लगा रखी हैं, जहां रात में विरोध प्रदर्शन हुए थे।

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 और मालदा-मोथाबारी राज्य राजमार्ग पर भी कई स्थानों पर पुलिस की चौकियां स्थापित की गई हैं।

## ठाणे में मुंहबोली बहन को परेशान करने पर शख्स ने मारी गोली

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां मुंब्रा इलाके के कैलाश नगर स्थित बिस्मिल्लाह चॉल में गुरुवार सुबह करीब 11:30 बजे एक व्यक्ति ने तीन लोगों पर गोलियां चला दीं। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हैं। पुलिस ने बताया कि 51 साल का आरोपी जयन शिवनंदन नायर उन लोगों से नाराज था। उसका आरोप था कि ये लोग एक महिला को परेशान कर रहे थे, जिसे वह अपनी बहन मानता था। इसी बात को लेकर जयन का अब्दुल हसन शेख, अकबर अब्दुल शेख और समीर अहमद शेख से झगड़ा हुआ। धीरे-धीरे बहस इतनी बढ़ गई कि जयन ने रिवॉल्वर निकालकर तीनों पर फायरिंग कर दी। फायरिंग के बाद आरोपी मौके से भाग गया, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया है। उसके पास से रिवॉल्वर भी बरामद हुई है। तीनों घायलों को मुंब्रा के कलसेकर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान अकबर शेख की मौत हो गई।

## हनुमान जन्मोत्सव पर दिल्ली के मंदिरों में उमड़ी भारी भीड़, करोल बाग मंदिर पहुंची सीएम रेखा

**हनुमान जयंती**

**सीएम रेखा गुप्ता ने हनुमान जन्मोत्सव पर करोल बाग स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की**



**नई दिल्ली।** भगवान राम के प्रति अपनी अटूट भक्ति के लिए प्रसिद्ध हनुमान जी साहस और निष्ठा के साक्षात प्रतीक माने जाते हैं। आज दो अप्रैल को हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार चैत्र पूर्णिमा के दिन हनुमान जी का जन्म हुआ था। इसलिए हर साल इस दिन पर ही हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है।

गुरुवार को हनुमान जयंती के अवसर पर राजधानी दिल्ली के मंदिरों में भारी भीड़ देखी गई। श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लगे थे। दिल्ली के प्राचीन हनुमान मंदिर श्री मरघट वाले हनुमान बाबा मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। यहां भक्तों ने भगवान हनुमान को सिंदूर और प्रसाद चढ़ाया। वहीं पांडव कालीन कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और आरती में भाग लिया। मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। हनुमान जयंती का पर्व पूरे उत्साह और भक्ति के साथ मनाया गया। कई स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है।

**करोल बाग मंदिर पहुंचीं मुख्यमंत्री :** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर करोल बाग स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रभु श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी से राजधानी के हर परिवार में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने हनुमान जी की अखंड भक्ति, निस्वार्थ सेवा और पराक्रम को सनातन मूल्यों का सर्वोच्च आदर्श बताते हुए सभी के जीवन में साहस, संयम और समर्पण का संचार होने की प्रार्थना की।

## 'सत्ता में आए तो रद्द होगा CAPF कानून' : राहुल



**चुनावी वादा**

**शीर्ष नेतृत्व अर्धसैनिक बलों पर थोपा जाता है। यह पूरी तरह गलत है**

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट रही सरकार : राहुल गांधी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि अगर आगामी आम चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आती है, तो सीएपीएफ विधेयक 2026 को रद्द कर दिया जाएगा। राहुल गांधी ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट अजय मलिक से मुलाकात का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि अजय मलिक ने नक्सली मुठभेड़ के दौरान आईईडी धमाके में अपना एक पैर खो दिया था देश की रक्षा में सब कुछ दांव पर लगा दिया।

### राहुल गांधी ने सीएपीएफ बिल पर खड़े किए सवाल

राहुल गांधी ने कहा, "15 साल से अधिक की निष्ठापूर्ण सेवा के बावजूद - प्रमोशन नहीं, अपनी ही फोर्स को लीड करने का अधिकार नहीं। क्योंकि सभी शीर्ष पद आईपीएस अफसरों के लिए आरक्षित हैं। यह सिर्फ एक अफसर की पीड़ा नहीं - यह लाखों सीएपीएफ जवानों के साथ हो रहा संस्थागत अन्याय है।" उन्होंने आगे कहा, "ये जवान सीमाओं पर तैनात रहते हैं। आतंक और नक्सलवाद से लोहा लेते हैं, लोकतंत्र के उत्सव चुनावों को सुरक्षित बनाते हैं। लेकिन जब इनके अधिकार और सम्मान की बात आती है, तो व्यवस्था मुंह फेर लेती है।" लोकसभा में नेता विपक्ष ने कहा, "खुद सीएपीएफ के जवान इस भेदभाव के विरुद्ध हैं। सुप्रीम कोर्ट तक ने इस व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। फिर भी वर्तमान सरकार इसी अन्याय को कानूनी रूप से स्थायी बनाने पर आमादा है।" सीएपीएफ विधेयक पर कांग्रेस सांसद ने कहा, "आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि भारत में किसी भी अर्धसैनिक बल का नेतृत्व ऐसे अधिकारी ने नहीं किया है जो अपने ही अर्धसैनिक बलों में निचले पदों से ऊपर उठा हो। ऐसा कोई अर्धसैनिक बल नहीं है जिसका नेतृत्व बल के भीतर से उभरा हो। शीर्ष नेतृत्व अर्धसैनिक बलों पर थोपा जाता है। यह पूरी तरह गलत है। हमने इसका विरोध किया है और सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसका विरोध किया है।"

उन्होंने कहा, "सरकार एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को पलट रही है। यह सीएपीएफ के लिए सबसे बड़ा मुद्दा है। मुझे समझ नहीं आता कि आप किसी ऐसे संगठन के मनोबल की रक्षा कैसे कर सकते हैं जो अपने ही किसी व्यक्ति को नेतृत्व के पद पर नहीं बिठा सकता। सरकार ने जो किया है वह अन्यायपूर्ण है। मुझे समझ नहीं आता कि सरकार ऐसा क्यों कर रही है।"

## टीएमसी से जुड़ी कंपनी आई–पैक के ठिकानों पर तलाशी

**तलाशी अभियान**

**रिपोर्ट्स के मुताबिक ये कार्रवाई दिल्ली, बंगलूरू और हैदराबाद में एक साथ की गई है**




**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के अनुसार ईडी ने कई शहरों में आई–पैक के ठिकानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने बताया कि राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पीएसी के कुछ अधिकारियों से जुड़े परिसरों पर नए सिरे से तलाशी अभियान चलाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये कार्रवाई दिल्ली, बंगलूरू और हैदराबाद में एक साथ की गई है।

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच हो रही ईडी की इस कार्रवाई को लेकर राजनीतिक हंगामे के आसार हैं। दरअसल, पिछली बार जब ईडी के अफसर कोलकाता में आई-पैक के ठिकाने पर तलाशी लेने पहुंचे थे, तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद वहां पहुंच गई थीं।

बता दें कि ईडी ने इससे पहले आठ जनवरी को तृणमूल कांग्रेस के लिए काम करने वाली राजनीतिक परामर्श फर्म आई–पैक के दफ्तर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अफसरों ने तलाशी ली थी।

## दिल्ली में गैस की कालाबाजारी पर सख्ती
### 45 सिलिंडर के साथ रिफिलिंग मशीन जब्त, तीन गिरफ्तार

**कालाबाजारी**

**एलपीजी सिलिंडर रैकेट का पर्दाफाश, 17 सिलिंडर बरामद**



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में गैस संकट के बीच कालाबाजारी थमने का नाम नहीं ले रही है। पालम गांव पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों ने एलपीजी गैस के अवैध भंडारण और रिफिलिंग करने वाले एक रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 45 भारत गैस सिलिंडर के साथ एक टेम्पो बरामद किया गया। अवैध गैस रिफिलिंग और ट्रांसफर करने वाले उपकरण भी जब्त किए गए। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अनार सिंह, सत्यवीर और विकास कुमार के रूप में हुई है।

वहीं दूसरी दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दिल्ली के डाबड़ी में अवैध एलपीजी सिलिंडर स्टोरेज और रिफिलिंग रैकेट का खुलासा कर 17 सिलिंडर बरामद किए हैं। अपराध शाखा ने दुकानदार मोहन लाल गर्ग को पकड़ा है। बाद में जांच के लिए मामला द्वारका जिले की डाबड़ी थाना पुलिस को सौंप दिया गया। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि पश्चिमी जिले के सीतापुरी इलाके में एलपीजी सिलिंडरों की जमाखोरी की सूचना पर टीम ने दुकानदार मोहन लाल गर्ग (61) को अवैध रूप से एलपीजी गैस सिलिंडर भरते हुए पाया। वह 200 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से सिलिंडर भर रहा था।

## एलपीजी संकट पर संजय राउत का केंद्र सरकार पर हमला

**मुंबई।** मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने केंद्र सरकार पर एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर झूठ बोलने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध की वजह से ईंधन की सप्लाई पर असर पड़ा है और इसका असर भारत में भी दिख रहा है।

राउत के मुताबिक देश में गैस सिलेंडर की कमी हो रही है और आने वाले समय में यह समस्या और बढ़ सकती है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान समेत कई देशों में हालात लॉकडाउन जैसे हो गए हैं, क्योंकि वहां ईंधन की भारी कमी है।

राउत ने केंद्र से अपील की कि वह सच्चाई छुपाने के बजाय लोगों को भरोसे में ले और सही जानकारी दे। उनका कहना है कि युद्ध की स्थिति में सरकार के लिए सब कुछ संभालना आसान नहीं होता, लेकिन जनता से सच छुपाना ठीक नहीं है।

## लेक्चरर के साथ नाम जोड़े जाने की अफवाहों से परेशान छात्रा ने दी जान

**दुखद**

**लिखिता का शव होलालकेरे शहर के बसवा लेआउट में उसके घर पर फंदे से लटका हुआ मिला**




**बंगलूरू।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले से एक दुखद घटना सामने आई है। यहां होलालकेरे शहर के एक आयुर्वेद कॉलेज की 23 साल की छात्रा ने कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि छात्रा एक लेक्चरर के साथ अपना नाम जोड़े जाने की झूठी अफवाहों से बहुत ज्यादा परेशान थी। मृतक छात्रा की पहचान लिखिता के रूप में हुई है। वह मल्लाडीहल्ली के एक आयुर्वेद कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। लिखिता का शव होलालकेरे शहर के बसवा लेआउट में उसके घर पर फंदे से लटका हुआ मिला।

**क्या है मामला? :** शुरूआती जानकारी के अनुसार, लिखिता अपने प्रोफेसर के साथ जुड़ी गलत अफवाहों को लेकर काफी दुखी थी। इन अफवाहों ने उसकी सामाजिक छवि को बहुत नुकसान पहुंचाया था। बताया जा रहा है कि इन अफवाहों में दावा किया गया था कि लिखिता और प्रोफेसर डॉ. राजू के बीच प्रेम संबंध हैं।

**पुलिस ने दर्ज किया केस :** सूत्रों के अनुसार, लिखिता ने मरने से पहले एक सुसाइड नोट छोड़ा है। इस नोट में उसने लेक्चरर डॉ राजू, उनकी पत्नी निशा और कुछ साथी छात्रों के नाम लिखे हैं। लिखिता ने अपनी मौत के लिए इन लोगों की प्रताड़ना और बदनामी को जिम्मेदार ठहराया है। इस शिकायत के आधार पर होलालकेरे पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने लेक्चरर, उनकी पत्नी और सुसाइड नोट में शामिल छात्रों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

## बीड में 13 साल के लड़के ने मासूम से दुष्कर्म किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड जिले में एक बेहद शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां 13 साल के एक स्कूली लड़के ने ढाई साल की बच्ची के साथ कथित तौर पर यौन शोषण किया। पुलिस के अनुसार यह घटना मंगलवार शाम की है, जब बच्ची अपने घर के पीछे खुले मैदान में गई थी। उसी दौरान गांव का ही एक नाबालिग लड़का वहां पहुंचा और उसने इस घिनौने अपराध को अंजाम दिया। बच्ची की मां ने बुधवार को बारदापुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। इस मामले की जांच असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर डी.एस. कांबले कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि बीड जिले में यह एक हफ्ते के भीतर ऐसी दूसरी घटना है। कुछ दिन पहले भी एक 15 साल के लड़के ने दो साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था, जिसकी बाद में मौत हो गई थी।

## गौतम अडाणी ने परिवार के साथ रामलला के किए दर्शन



**पूजा-अर्चना**

**अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा, भारत की संस्कृति का प्रतीक है राम मंदिर**

**लखनऊ।** अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने गुरुवार को प्रभु रामलला के दर्शन किए। वे अपने परिवार संग चार्टर्ड विमान से सुबह अयोध्या पहुंचे। उनका निजी विमान महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। गौतम अडाणी ने कहा, मुझे और मेरे परिवार को अयोध्या में भगवान राम के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। यह एक भावुक पल है, एक गर्व का पल है। यह मंदिर न सिर्फ.आस्था का केंद्र है, बल्कि भारत की संस्कृति, एकता और आत्मविश्वास का प्रतीक भी है।

उन्होंने कहा, मैं प्रार्थना करता हूँ कि भगवान राम का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे और हमारा देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहे... उन्होंने यह भी कहा, अडानी फाउंडेशन एआई के इस दौर में इस गुरुकुल संस्कृति को संरक्षित करने में हर संभव सहयोग देगा।

## नांदेड़ में युवक की चाकू मारकर हत्या

**नांदेड़।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक यह घटना भोकर तहसील के भोसी बस स्टैंड के पास हुई। मृतक की पहचान आदिनाथ डुब्बेवाड़ के रूप में हुई है। वह मंगलवार शाम एक दुकान के सामने खड़ा था, तभी बाइक पर सवार दो अज्ञात हमलावर वहां पहुंचे। दोनों ने अपने चेहरे ढके हुए थे और बिना किसी बात के उस पर चाकू से हमला कर दिया।

हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उसकी बुधवार सुबह एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि हत्या के पीछे पुरानी दुश्मनी या निजी रंजिश हो सकती है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द पकड़ा जा सके।

## पाक की नापाक साजिश: भारत के रक्षा और वित्तीय ढांचे पर साइबर हमलों की योजना

**साजिश**

**पिछले एक सप्ताह में आईएसआई अधिकारियों ने कई बैठकें कर रणनीति तैयार की है**



**नई दिल्ली।** खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत के महत्वपूर्ण रक्षा और वित्तीय ढांचे को निशाना बनाने के लिए बहुस्तरीय साइबर हमलों की योजना बना रही है। इंटेलिजेंस ब्यूरो के अनुसार, पिछले एक सप्ताह में आईएसआई अधिकारियों ने कई बैठकें कर इन हमलों की रणनीति तैयार की है, जिनका उद्देश्य भारत के अहम संस्थानों को ठप करना और संवेदनशील जानकारी हासिल करना है। अधिकारियों के मुताबिक, इन हमलों को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान साइबर फोर्स को सक्रिय किया गया है। साथ ही विभिन्न हैकर समूहों को भी सक्रिय किया गया है, जिससे हाल के दिनों में गतिविधियों में तेजी देखी गई है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के 2025 के आकलन में भी 2026 में पाकिस्तान से जुड़े साइबर हमलों को सबसे बड़ा खतरा बताया गया था।

सूत्रों के अनुसार, आईएसआई साइबर समूह और नेशनल साइबर क्रू जैसे समूहों का इस्तेमाल कर भारतीय परिसंपत्तियों को निशाना बनाने की योजना बना रही है।

इन समूहों का पहले भी इस्तेमाल किया जा चुका है। खासतौर पर रक्षा क्षेत्र को प्राथमिक लक्ष्य बनाया गया है, जहां सिस्टम को बाधित करने के साथ-साथ गोपनीय सूचनाएं चुराने की कोशिश की जाएगी। खुफिया एजेंसियों ने यह भी बताया कि आईएसआई का जासूसी नेटवर्क भारत में सक्रिय है, जो रक्षा क्षेत्र के अलावा रेलवे स्टेशनों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी जुटा रहा है।

## सत्याबादी और बकुला बाना स्कूल का 585 करोड़ में कायाकल्प

**ओडिशा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने ऐतिहासिक सत्याबादी बाना और पास के बकुला बाना स्कूल का पुनर्विकास करने की घोषणा की। इस परियोजना की अनुमानित लागत 585 करोड़ रुपये होगी और इसे हेरिटेज टूरिज्म साइट के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सत्याबादी क्षेत्र के सुआंदो गाँव का दौरा किया, जो उत्कलमणि पंडित गोपबंधु दास का जन्मस्थान है। उन्होंने दास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा हमारी सरकार पंडित गोपबंधु दास के जन्मस्थान के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। सत्याबादी बाना विद्यालय और आसपास के क्षेत्र का पुनर्विकास 585 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बकुला बाना के पुनरुद्धार और विकास पर लगभग 90 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसे सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और शैक्षिक केंद्र में परिवर्तित किया जाएगा और इसकी ऐतिहासिक पहचान संरक्षित रहेगी।

## रामपुर में एसपी की विदाई पर फूट-फूटकर रोईं महिला सिपाही

**रिश्तों की सच्चाई**

**कुछ महिला सिपाहियों रोते हुए कहा-सर, आप मत जाइए। यह सुनकर वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं**



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के रामपुर में एसपी विद्यासागर मिश्र की विदाई के दौरान पुलिस लाइन में भावुक माहौल देखने को मिला। जिसने हर किसी को अंदर तक छू लिया। आमतौर पर ट्रांसफर और विदाई समारोह औपचारिक होते हैं लेकिन इस बार का दृश्य कुछ अलग ही था। यहां रिश्तों की सच्चाई और जुड़ाव खुलकर सामने आया। बुधवार को आयोजित विदाई समारोह में जैसे ही विद्यासागर मिश्र मंच से नीचे उतरे, महिला सिपाहियों की आंखों से आंसू छलक पड़े। कई महिला सिपाही खुद को संभाल नहीं सकीं और फूट-फूटकर रोने लगीं। कुछ सिपाहियां तो रोते हुए यह तक कहती नजर आईं- सर, आप मत जाइए। यह भावुक अपील सुनकर वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। इस दौरान एसपी भी अपने जज्बातों पर काबू नहीं रख सके। उन्होंने एक-एक सिपाही के पास जाकर उन्हें सांत्वना दी। एक महिला सिपाही के सिर पर हाथ रखकर उन्होंने स्नेहपूर्वक कहा-रोना नहीं है, मैं फिर आऊंगा। उनके इस जवाब ने माहौल को और भी भावुक कर दिया। यह पल न सिर्फ एक अफसर की विदाई थी, बल्कि एक ऐसे नेता की विदाई थी, जिसने अपने अधीनस्थों के दिलों में खास जगह बनाई।

## धागा निर्माण फैक्ट्री में लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

**सूरत।** गुजरात के सूरत ग्रामीण के किम चार रास्ता के पास स्थित एक धागा निर्माण फैक्ट्री में बुधवार को अचानक भीषण आग लग गई। मौके पर 7-8 फायर टेंडर भेजे गए हैं और अग्निशमन दल आग को काबू में करने के लिए पानी की बौछार कर रहा है। सबसायर फायर ऑफिसर विजय तांदेल ने कहा यह एक बड़ा हादसा है। कई फायर टेंडर मौके पर हैं और आग को नियंत्रण में लाने के प्रयास जारी हैं।

**NAME CHANGED**

I am Shrasthi daughter of Mr. Ajit Kumar Jain resident- House No-140, D Block Sector-02, Vaishali Ghaziabad In all my documents my father's name is Ajit Kumar Jain but in my cast certificate his name is Ajit Kumar. Ajit Kumar Jain and Ajit Kumar are the names of the same person.

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 03 अप्रैल -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम | ट्वीट का करंट

Dev Yadav
9h ·

कौन अपना कौन पराया
बुरे वक्त ने सब बताया😓

# भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष वाली रेस में हैं ये फेस
## महानगर की टीम के बाद रहता है सबसे ज्यादा इस मोर्चा में होने का क्रेज




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महिला राजनीति की बात करें तो यहां भाजपा का महिला मोर्चा सबसे आगे रहता है। स्वागत कार्यक्रम हो, आयाम हो या फिर आंदोलन हो, ये मोर्चा अपनी छाप छोड़ता है। इस मोर्चा के सभी चेहरे एक्टिव रहते हैं। कहा ये जाता है कि भाजपा की मुख्य टीम के बाद सबसे ज्यादा क्रेज इस मोर्चा का है। इस मोर्चा का अध्यक्ष होना भाजपा की महानगर राजनीति में एक स्टेटस माना जाता है। महिला मोर्चा से ही दावेदारी निकलती है और आज बात उन चेहरों की होगी जो भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष वाली दावेदारी में चल रहे हैं। महिला मोर्चा की बात करें तो यहां भाजपा की रिचा भदौरिया का नाम प्रबलता से आता है। एक लेडी ठाकुर को संगठन में स्थान मिला है तो दूसरी ठाकुर लेडी को पार्षद वाली कृपा से नवाजा गया है। ऐसे में ये तीसरा नाम है और ये माना जाता है कि अगर यहां ठाकुर कार्ड एडजस्ट हुआ तो महिला मोर्चा की अध्यक्ष वाली ताजपोशी हो सकती है। महानगर महिला मोर्चा की अध्यक्ष वाली रेस में मोनिका पंडिता का भी नाम आता है। वो नदिया पार के वैशाली क्षेत्र से आती हैं। भाजपा की क्षेत्रीय टीम में रही हैं। पहले भी ये नाम दावेदारी में रहा था। उच्च शिक्षित हैं और सौम्य व्यवहार है। भाजपा महिला मोर्चा की बात हो तो यहां पर महानगर अध्यक्ष वाले फ्रेम में रेनू चंदेला का नाम भी आता है। रेनू चंदेला भाजपा की ऊर्जावान कार्यकर्ता हैं। चुनाव चाहे लोकसभा का हो या विधानसभा का हो एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में रेनू चंदेला कमान संभालती हैं। महानगर महिला मोर्चा की अध्यक्ष होने की योग्यताओं को पूरा करती हैं। अनुभव है ऊर्जावान हैं और सक्रिय नेता हैं। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष की बात हो तो यहां प्रबलता से जो नाम आता है वो नाम नदिया पार की नीरू शर्मा का है। भाजपा की वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं और एक लंबे समय से भाजपा का झंडा उठा रही हैं। संघ परिवार से उनका नाता है और सबसे बड़ी बात ये है कि वो भाजपा की मूल कार्यकर्ता हैं। एक उम्मीद ये थी कि उनको सरकारी कृपा से नवाजा जायेगा लेकिन उस लिस्ट में उनका नाम नहीं आया। ये नाम महिला मोर्चा की अध्यक्ष वाली दावेदारी में आता है। अगर एक्टिविटी के हिसाब से बात करें तो यहां रूचि गर्ग का भी नाम आता है। वैश्य समाज से आती हैं और वो प्रदेश टीम में मंत्री रह चुकी हैं। अगर प्रदेश टीम वाला कोई पेंच नहीं है तो ये फेस भी अध्यक्ष वाली दावेदारी में आता है। त्यागी समाज से बात करें तो यहां गोविंदपुरम मंडल की सविता त्यागी का भी नाम अध्यक्ष वाले फ्रेम में फिट हो सकता है। भाजपा की मेहनती कार्यकर्ता हैं। मजबूत टीम है और महिला मोर्चा की राजनीति का मजबूत नाम है। हिंडन पार के चेहरों की बात करें तो यहां अमृता सिंह का भी नाम आता है। हिंडन पार का नाम इसलिए क्योंकि समायोजन के समय ये भी एक फैक्टर होता है। पूनम कौशिक नदिया पार फैक्टर से ही अध्यक्ष रही हैं। यहां पर एक चर्चित नाम अमृता सिंह का है। अमृता सिंह नदिया पार फैक्टर से भी आ सकती है ओबीसी फैक्टर से भी आ सकती है और कार्यकर्ता फैक्टर से भी आ सकती हैं। महिला मोर्चा अध्यक्ष चेहरों की बात हो रही है तो यहा पुरानी कार्यकर्ता की बात करें तो रूबी अग्रवाल का भी नाम है। रूबी अग्रवाल पहले भी महिला मोर्चा की टीम में रही हैं और मेहनती कार्यकर्ताओं में शुमार होती है। महानगर अध्यक्ष की दावेदारी में जो नाम आते हैं उनमें राजनगर क्षेत्र से सिमरन रंधावा का भी नाम आता है। सिमरन रंधावा सामाजिक गतिविधियों में एक्टिव रहती हैं।


महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष में वो दावेदारी के फ्रेम में फिट बैठती हैं। दावेदारी की बात करें तो इस लिस्ट में प्रियंका पांडेय, किरन सिंह और पूनम चौधरी के भी नाम हैं। यहां कविता वर्मा का भी नाम आता है। ये चेहरे महिला राजनीति में एक्टिव चेहरे हैं। भाजपा की महिला राजनीति के सॉफ्ट सौम्य चेहरे और एक्टिव चेहरे की बात करें तो इसमें रचना जोशी का भी नाम है। ऐनीमल वेलफेयरसे जुड़ी हैं और उनके पास क्षेत्रीय कार्यालय की भी जिम्मेदारी रही है। महिला मोर्चा की लिस्ट में दीपिका सिंह, प्रियंका प्रियदर्शनी जैसे चेहरे भी हैं। अब इनमें से किसे कमान मिलती है ये देखने की बात है।

### इन चेहरों की रहती दावेदारी मगर मिली है नई जिम्मेदारी



करंट क्राइम। महिला मोर्चा की राजनीति की बात करें तो यहां उन चेहरों को इग्नोर नहीं किया जा सकता जिनका सियासत में जोर है। लेकिन इनमें से कुछ चेहरों को मुख्य टीम में दायित्व मिला है तो कुछ पर सरकारी कृपा हुईहै। महिला मोर्चा की अध्यक्ष वाली दावेदारी में पहला नाम रनिता सिंह का माना जा सकता है। उन्हें मुख्य टीम में लिया गया है। इसी तरह महिला मोर्चा की अध्यक्ष रह चुकी अनीता शर्मा को भी महानगर टीम में लिया गया है। पूर्व पार्षद साक्षी नारंग भी महानगर की टीम में नए दायित्व पर हैं। सुषमा गंगवार को भी टीम में लिया गया है। ज्योति चौहान को नामित पार्षद बनाया गया है। ऐसे में ये चेहरे अब नई जिम्मेदारी संभाल रहे हैं और दावेदारी के फ्रेम में नहीं हैं। उदिता त्यागी महानगर संयोजक का पद संभाल रही थी लेकिन अब वो नए क्लेवर और नए तेवर में है और यूजीसी को लेकर उन्होंने सख्त तेवर दिखाये हैं। लिहाजा अब वो भाजपा की संगठन वाली राजनीति से दूर मानी जा सकती हैं।

# जनमुद्दों को लेकर क्यों साध लेते हैं इलेक्शन हारने वाले नेता एक खामोशी
## जनता ने तुम्हें वोट तो दिये हैं भले ही ना हो पाई हो तुम्हारी ताजपोशी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में सरकार और विपक्ष एक ऐसे पहलू होते हैं जिनका सिक्का एक होता है। दोनों का आधार जनता ही होती है। दोनों जनता के सेवक होते हैं और जन मुद्दों को लेकर अगर जनप्रतिनिधि जिम्मेदार होते हैं तो यहां एक जिम्मेदारी विपक्ष की भी होती है। विपक्ष हमेशा जनता के अभिभावक के रूप में सामने आता है। अगर कोई भी फैसला जनहित के खिलाफ है तो विपक्ष सड़कों पर आ जाता है। विपक्ष का यही दबाव कार्यपालिका को संतुलित रखता है। विपक्ष के यही तेवर विधायिका को नियंत्रित करते हैं। विपक्ष की राजनीति का संदेश बहुत दूर तक जाता है। यहां पर राजनीतिक रूप से देखें तो सत्ताधारी दल के नेता उसके जनप्रतिनिधि और उसके कार्यकर्ता एक मर्यादा में होते हैं। वो सरकार के फैसलों के विपरीत नहीं जाते। भले ही वो उससे सहमत ना हों लेकिन उनकी सहमति का एक दायरा होता है। वो विरोध दर्ज कराते हैं अपनी सरकार की आलोचना भी एक तय मात्रा में करते हैं। मगर सवाल लोकतंत्र में है कि क्या विपक्ष के नेताओं पर भी कोई रोक होती है। क्या वो सरकार की आलोचना करने से डरते हैं। क्या वो जनमुद्दा पर सामने आने से परहेज करते हैं। अगर इसका जवाब नहीं है तो फिर सवाल ये है कि हाउस टैक्स जैसे मुद्दे पर जब भाजपा सामने आ सकती है तो विपक्ष को किसने रोका है। यहां बात उन चेहरों की हो रही है जो चुनाव लड़ते हैं। चुनाव में पूरी ताकत से मंचों से ये कहते हैं कि वो चुनाव हारें या जीतें लेकिन जनता के बीच रहेंगे। गाजियाबाद की सियासत में सीन उल्टा हो रहा है। यहां जो चुनाव जीते हैं वो जनता के बीच हैं। लेकिन जो चुनाव हारे हैं वो जनता को छोड़कर चले गये। किसी भी मुद्दे पर दिखाई नहीं देते है। उनका राजनीतिक विरोध केवल बयानबाजी तक सीमीत है। आखिर ये नेता ऐसा क्यों करते हैं। चुनाव हाने वाले नेताओं की बात करें तो डॉली शर्मा कांग्रेस के टिकट पर कई चुनाव लड़ी हैं। कई वादे भी किये हैं लेकिन जब जनता टैक्स वाली परेशानी से जूझ रही थी तो उन्होंने सिर्फ एक प्रेस कान्फ्रेंस की और विपक्ष के नेता का फर्ज पूरा किया। नन्द किशोर पुंडीर तो भाजपा से नाराज होकर सिर्फ बसपा में चुनाव लड़ने आये थे। चुनाव हारकर वो वापस चले गये। ना कल यहां के मुद्दों से कोई लेना दे था और ना ही आज लेना देना है। मगर वो नेता तो सामने आयें जो चुनाव लड़े हैं। सिकंदर यादव की पत्नी चुनाव लड़ी। मगर जब जन मुद्दों को सवाल है तो सिकंदर यादव भी इस सीन से आउट हैं। कोई आंदोलन कोई धरना उनके हिस्से में नहीं है। कांग्रेस से सपा में पहुंचे और सपा से बसपा में आये पीएन गर्ग की पत्नी भी चुनाव लड़ी और पीएन गर्ग जन मुद्दों पर कहां है किसी को कुछ पता नहीं है। पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी ने जरूर बयान दिया लेकिन वो भी उतने तेवर के साथ आगे नहीं आये। कांग्रेस के टिकट पर सुशांत गोयल चुनाव लड़े और उनकी सक्रियता केवल फेसबुक पर तो नजर आती है और वो भी सीमित मात्रा में। वो व्यक्तिगत रूप से जरूर फेसबुक पर कमेंट करते हैं लेकिन वो राजनीतिक रूप से किसी भी मुद्दे पर पब्लिक के बीच नहीं दिखते हैं।

इस लिस्ट में कई हारे हुए उम्मीदवार शामिल हैं और चुनाव हाने के बाद जनता के सुख दुख में साथ रहने का वादा करने वाले ये उम्मीदवार ही जनता के मुद्दों से भाग रहे हैं। विपक्ष हमेशा जनता की ताकत होता है। लेकिन बड़ा सवाल ये है कि चुनाव हारने के बाद क्या ये फिर जनता के बीच लौटे। जनमुद्दो को लेकर कोईप्रदर्शन क्यों नही करते हैं। अगर सिलेंडर की समस्या है तो विपक्ष सड़कों पर क्यों नहीं है। अगर मंहगाई एक मुद्दा है तो चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार क्यों खामोश है। अगर हाउस टैक्स लाद दिया गया है तो चुनाव लड़ने वाले ये नेता क्यों जनता के सामने नहीं आ रहे हैं। ये विपक्ष की राजनीति का चेहरा नहीं है और अगर विपक्ष के नेता खुदको जनता के बीच सशक्त विकल्प के रूप में पेश नहीं कर सकते तो यकीन मानिये कि वो फिर इलैक्शन में जनता को फेस भी नहीं कर सकते। विपक्ष की राजनीति में आंदोलन सशक्त माध्यम होते है। आंदोलन से आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ और इस पार्टी ने दिल्ली में सरकार बनाई। वर्ष 2017 में चुनावों से पहले भाजपा के नेता आंदोलनकारी अंदाज में थे। वो थाने घेर रहे थे और जनता के साथ कदमताल कर रहे थे। उनकी सरकार आ गई। लेकिन विपक्ष के नेताओं ने जन मुद्दों को छोड़ दिया और वो सिर्फ चुनाव लड़े और हारने के बाद घर बैठ गये।

# एमएलसी दावेदारी वाली पिच पर अब पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल का हुक
## वसुंधरा के बाद अब किया है उन्होंने लोनी विधानसभा की तरफ रुख



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति का गेम अजीब होता है और इसमें सबसे मजबूत पोजिशन पिच पर टिके रहना होती है। राजनीति में खिलाड़ी वही माना जाता है जो टीम में शामिल होता है। राजनीति के इस खेल को पूर्व राज्य सांसद अनिल अग्रवाल अच्छी तरह से समझते हैं। अगर उनके सियासी चार्ट को देखें तो उनकी एक्टिविटी पता चलती है। पूर्व होने से पहले ही उन्होंने अभूतपूर्व तरीके से पारी का आगाज किया। वो पहले ऐसे चेहरे हैं जो लोकसभा की दावेदारी में खुलकर सामने आये। कमला नेहरू नगर का वो सम्मेलन सबको याद है। पूर्व होने के बाद उन्होंने अभूतपूर्व तरीके से अपनी सक्रियता को जारी रखा है। बड़े चेहरे उनके आवास पर हैं और क्षेत्र में खुद अनिल अग्रवाल प्रवास पर हैं। वो भले ही पार्टी का काम बता रहे हैं लेकिन जिस रफ्तार से वो काम को कर रहे हैं उस रफ्तार के मतलब सियासी चेहरे समझ रहे हैं। एमएलसी चुनाव को लेकर अनिल अग्रवाल पूरी तरह एक्टिव हैं। वो वसुंधरा में गये और उन्होंने यहां वोट बनवाने के लिए फार्म वितरित किये। बड़ी बात ये है कि ये फार्म उन्होंने विधान परिषद के लिए वितरित किये। उन्होंने मालूम हैं कि यहां कौन सा वोटर कहां पर रहता है। ये उनका अपना नेटवर्क है। सबसे बड़ी बात ये है कि उन्होंने ये फार्म उसी विधानसभा में बंटवाये हैं। वो मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर रहे हैं। एमएलसी चुनाव को लेकर सियासी पिच पर खेल रहे अनिल अग्रवाल ने अब यहां जबरदस्त हुक किया है। उन्होंने अब देश की सबसे बड़ी विधानसभा से निकल कर क्रान्तिकारी विधानसभा की तरफ रूख किया है। ये विधानसभा लोनी विधानसभा है।

बड़ी बात ये है कि पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने लोनी विधानसभा में सबसे पहले क्रान्तिकारी विधायक नन्द किशोर गुर्जर को अपने साथ लिया है। यहां उन्होंने जो कार्यक्रम किया वो लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर के कार्यालय में किया। लोनी के सभासद आये लोनी के मंडल अध्यक्ष आये और अनिल अग्रवाल ने लोनी में एक तरीके से अपनी दावेदारी का आगाज कर दिया। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ।

### 5 हजार फार्म लोनी विधानसभा में वितरित होने का अर्थ है कितना मजबूत



करंट क्राइम। पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल एमएलसी चुनाव को लेकर अपनी सक्रियता के संबंध में पहले भी कह चुके हैं कि वो दावेदार नहीं हैं। वो तो सिर्फ पार्टी का काम कर रहे हैं। वो पार्टी के लिए वोट बनवा रहे हैं। लेकिन अनिल अग्रवाल की रफ्तार बता रही है कि दावेदारी तो होगी। जब वो लोनी विधानसभा पहुंचे हैं तो वो वहां 100, 200 या 500 फार्म लेकर नहीं गये हैं। वो अपने साथ 5 हजार फार्म लेकर गये हैं। ये फार्म लोनी के सभासद, लोनी के मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को वितरित हुए हैं। 5 हजार की संख्या का मतलब एमएलसी वाले रण से जुड़े लोग समझ रहे हैं। वैसे भी पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल विधान परिषद वाले रण की बारीकियों को समझते हैं। वो इस चुनाव को लड़ चुके हैं लिहाजा उन्हें सारी बारीकियां पता हैं।

# उल्लू हंस पंच के कहानी के पीछे क्या है पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी का पंच



### सत्य और तर्क की अनदेखी का खतरा

हंस और उल्लू के स्पष्ट अंतर के बावजूद पंचों ने तर्क की जगह स्वार्थ को प्राथमिकता दी।

### पक्षपातपूर्ण न्याय व्यवस्था का दुष्परिणाम

जब निर्णय निष्पक्ष न होकर अपने-पराये के आधार पर हों, तो न्याय की नींव कमजोर हो जाती है।

### स्वार्थ बनाम सत्य की लड़ाई

पंचों ने सच जानते हुए भी अपने हित में गलत फैसला दिया—यही समाज के पतन का कारण बनता है।

### स्थानीयता का दबाव और गलत निर्णय

'यहीं रहने वाला' होने के कारण उल्लू का पक्ष लेना, न्याय में स्थानीय दबाव की खतरनाक प्रवृत्ति को दर्शाता है।




### व्यवस्था की कमजोरी से उजड़ता परिवेश

जंगल उजाड़ इसलिए नहीं था कि वहां उल्लू था, बल्कि इसलिए कि वहां सही निर्णय लेने वाले लोग नहीं थे।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुझे एक कहानी याद आ रही है, शायद मैं पहले भी इसे साझा कर चुका हूं। एक हंस और हंसनी एक सुरम्य जंगल से उड़े और उड़ते उड़ते एक सुनसान से जंगल में पहुंच गए। तब तक शाम भी हो गई। दोनों ने उसी उजाड़ जंगल में एक पेड़ के नीचे रात गुजारने का निश्चय किया। रात को उल्लू के बार बार चिल्लाने की कर्कश आवाज से हंसनी को रात को बहुत डर लगा लेकिन किसी तरह रात कटी और सवेरा हुआ ! हंस ने भगवान का शुक्रिया अदा किया और हंसनी से जल्दी ही इस उजाड़ जंगल से उड़ चलने को कहा। बातचीत में हंस ने हंसनी से कहा कि ये जंगल इस उल्लू के कारण है। जैसे ही हंस और हंसनी ने उड़ान भरी उल्लू सामने आ गया और हंस से बोला कि इस हंसनी को कहां लेकर जाते हो, इसे यहीं छोड़ो, ये मेरी पत्नी है। हंस ने कहा कि कैसी बात करते हो? कहां हंस और कहां उल्लू दोनों एकदम अलग अलग नस्ल, अलग अलग जाति कोई समानता नहीं है। ये उल्लू की पत्नी कैसे हो सकती है।

बात बढ़ती देख जंगल के पक्षियों की एक सभा बुला ली गई। पंच तय हुए और पंचों के सामने विवाद प्रस्तुत हुआ। हंस ने कहा कि हंसनी मेरी पत्नी है। कल हम रास्ता भटक कर इस जंगल में भटक गए थे। अंधेरा होता देख रात इस पेड़ के नीचे गुजारी और जब हम उड़ने लगे तो उल्लू कह रहा है कि हंसनी उसकी है। उल्लू ने कहा कि ये मेरी पत्नी है। इसके दो पंख हैं ये आसमान में उड़ती है और मैं भी पक्षी हूं। मेरे पंख हैं, आसमान में उड़ता हूं। ये मेरी पत्नी है। दोनों की बात सुनकर पंचों ने अलग बैठकर विचार किया। एक ने कहा कि ये हंस तो परदेशी है।

अभी उड़ जाएगा फिर कभी नहीं यहां नहीं आएगा। लेकिन ये उल्लू तो यहीं रहेगा। हमारे बीच और हमारे साथ रहेगा। इसलिए हमें उल्लू के पक्ष में फैसला देना चाहिए। पंचों ने निर्णय कर दिया कि हंसनी उल्लू की है और हंस इसे नहीं ले जा सकता है। पंचों की बात सुनकर हंस बड़ा दुखी हुआ और हताश निराश होकर आखिर हँसनी को छोड़कर जैसे ही उड़ा। उल्लू ने हंस को रोका और कहा कि ये हँसनी तुम्हारी ही है, तुम इसे ले जा सकते हो !! लेकिन मैं आपको एक बात बताना चाहता हूं कि आप जो रात कह रहे थे कि ये जंगल उल्लू के कारण उजाड़ है, यह जंगल मेरे कारण उजाड़ नहीं है, ये जंगल ऐसे पंचों के कारण उजाड़ है। जहां ऐसे पंच होंगे जो हंसनी को उल्लू की पत्नी घोषित कर दें, वह जंगल उजाड़ ही रहेगा।

# ट्रैफिक पुलिस ने डेढ़ लाख रुपये से भरा बैग लौटाया

**ईमानदारी**

**पीड़ित बोला, खाकी में भी हैं नेक इंसान**

**टीएसआई विक्रम सिंह और उनकी टीम की हो रही है प्रशंसा**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर की ट्रैफिक पुलिस ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की एक मिसाल पेश करते हुए डेढ़ लाख रुपये और जरूरी दस्तावेजों से भरा बैग उसके मालिकों को सुरक्षित लौटाया है।

इस सराहनीय कार्य के बाद ट्रैफिक पुलिस के कर्मियों की जमकर प्रशंसा हो रही है और सोशल मीडिया पर भी उनका यह कदम चर्चा का विषय बना हुआ है। दिल्ली-मेरठ हाईवे पर ड्यूटी के दौरान ट्रैफिक पुलिस के टीएसआई विक्रम सिंह और उनकी टीम को एक बैग मिलने की सूचना मिली। जांच करने पर बैग में करीब डेढ़ लाख रुपये नकद और महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले।

बिना समय गंवाए टीम ने सक्रियता दिखाते हुए बैग के असली मालिकों की तलाश शुरू की। बताया जा रहा है कि बुलंदशहर निवासी एक महिला और पुरुष गाजियाबाद आ रहे थे, तभी रास्ते में उनका बैग कहीं गिर गया था। सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए बैग को बरामद किया और संबंधित महिला-पुरुष को सुरक्षित सौंप दिया। जब पीड़ित परिवार को उनका बैग सही सलामत मिला, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड और ट्रैफिक पुलिस टीम का आभार जताते हुए कहा कि खाकी वर्दी में आज भी नेक और ईमानदार लोग मौजूद हैं।

### टीएसआई का हो रहा है नाम



करंट क्राइम : इस पूरी घटना के बाद टीएसआई विक्रम सिंह और उनकी टीम की ईमानदारी की लोग खुलकर सराहना कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी उनके इस कार्य की जमकर तारीफ हो रही है। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि पुलिस महकमे में आज भी अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित और ईमानदार अधिकारी मौजूद हैं, जो जनता का विश्वास मजबूत कर रहे हैं।

## संपादकीय

# रुपया गिरावट गंभीर चिंता

एक अमरीकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत 95 तक पहुंच चुकी है। अर्थात्‌हम 95 रुपए खर्च कर एक डॉलर प्राप्त कर सकते हैं अथवा अंतरराष्ट्रीय व्यापार कर सकते हैं। रुपए का लगातार अवमूल्यन होता रहा है। डॉलर ही नहीं, ब्रिटिश मुद्रा पौंड के लिए भी हमें 123.84 रुपए खर्च करने होंगे और यूरोप की मुद्रा यूरो की कीमत भी 108 रुपए से अधिक है। रुपया लगातार कमजोर होता रहा है, उसका असर हमारी अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है और आयात-बिल भी महंगे होते रहे हैं। 2013-14 के संसदीय चुनाव के दौरान भाजपा ने रुपए को भारत की संप्रभुता और प्रतिष्ठा से जोड़ कर एक संवेदनशील मुद्दा बना दिया था। लोगों ने विश्वास किया और जनादेश भाजपा को दिया। मोदी सरकार के करीब 12 साल के कालखंड में रुपए में करीब 61 फीसदी की गिरावट दर्ज हो चुकी है और यह सिलसिला अभी जारी है। यह बेहद गंभीर मौद्रिक स्थिति है, बेशक भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इस मुद्दे को आसानी से यूं समझा जा सकता है कि फरवरी, 2026 में ईरान युद्ध से पहले कच्चे तेल की कीमत 69 डॉलर प्रति बैरल थी। तब हमें एक बैरल कच्चा तेल 6700 रुपए से कुछ अधिक में पड़ता था, लेकिन मार्च में वही तेल 10,640 रुपए बैरल में खरीदा जा रहा है। यानी कीमत 70 फीसदी बढ़ी है, लिहाजा आम आदमी को भी महंगा पेट्रोल-डीजल खरीदना पड़ेगा। बेशक कुछ विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सरकार ने पेट्रोल-डीजल महंगे नहीं किए हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 117 डॉलर प्रति बैरल तक उछल चुके हैं। भाजपा तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को लगातार निशाना बनाती थी, जबकि उन्होंने ही देश को आर्थिक मंदी से बचाया था। तब भाजपा अर्थव्यवस्था की कमजोरी और रुपए के अवमूल्यन पर चिंताएं जताती थी। मौजूदा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण उस दौर में भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता थीं। रुपए की स्थिति को लेकर यूपीए और भाजपा-एनडीए सरकारों की तुलना करना बेहद तार्किक है। तब मई, 2004 में मनमोहन सरकार के शुरुआती दिनों में एक डॉलर की तुलना में ह्यरुपयाह्ल 45.37 पर था। मई, 2014 में यूपीए कालखंड की समाप्ति के वक्त डॉलर की कीमत 58.58 रुपए थी। केंद्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार आई, तो रुपए का अवमूल्यन लगातार क्यों होता रहा है? डॉलर 58 रुपए से उछल कर 90-91 रुपए तक कैसे पहुंच गया? आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि रिजर्व बैंक दखल न दे, तो एक डॉलर 110 रुपए में पड़ सकता है। ईरान युद्ध की शुरुआत के एक दिन पहले, 27 फरवरी, तक रुपया 90.98 तक गिरा था, लेकिन 31 मार्च, 2026 को 95 तक गिर गया। 100 रुपए की चरम स्थिति कितनी दूर है? बेशक मोदी कालखंड में रुपए का अवमूल्यन ऐतिहासिक रहा है और भारतीय मुद्रा के लिए यह असंतुलित और गंभीर स्थिति है। इसके बावजूद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बयान आया है कि ह्यरुपयाह्ल ठीक चल रहा है। 2022 में उन्होंने अपना आर्थिक दर्शन देश के सामने पेश किया था कि ह्यरुपयाह्ल कमजोर नहीं हुआ है, बल्कि डॉलर मजबूत हो रहा है। हालांकि रुपए के

# उतार-चढ़ाव के बीच बाजार हरे निशान पर बंद

## शुरूआती गिरावट के बाद संभला बाजार, आईटी शेयरों में तेजी से निवेशकों को राहत

### आईटी शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स-निफ्टी में रिकवरी, रुपया भी मजबूत




**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में गुरुवार को बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा। गुरुवार के मध्य सत्र के कारोबार में इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी आई और निवेशकों द्वारा निचले स्तरों पर ब्लू-चिप आईटी शेयरों की खरीदारी के चलते इनमें आई गिरावट की भरपाई होती दिखी।

इस बीच रुपया भी डॉलर के मुकाबले मजबूत हुआ। रुपये में बीते 13 वर्षों में सबसे बड़ी एक दिवसीय बढ़त दर्ज की गई। रुपया डॉलर के मुकाबले एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त हासिल करते हुए 93.10 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स-निफ्टी में लौटी हरियाली शुरूआती कारोबार में दोनों सूचकांकों में भारी गिरावट दर्ज की गई, जिसमें 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,588.51 अंक गिरकर 71,545.81 के अंतर-दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, आगे चलकर बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। 30 शेयरों का सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 185.23 (0.25%) अंकों की बढ़त के साथ 73,319.55 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 33.70(0.15%) अंकों की बढ़त के साथ 22,713.10 के स्तर पर बंद हुआ। भारी खरीदारी के चलते, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इंफोसिस जैसी आईटी क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों के शेयरों में 3 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई। मारुति सुजुकी इंडिया, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी भी लाभ कमाने वालों में शामिल थे।

हालांकि, 30 शेयरों वाले सेंसेक्स समूह में इटरनल, एशियन पेंट्स, सन फार्मास्युटिकल्स, एनटीपीसी, पावरग्रिड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट और अदानी पोर्ट्स जैसी कंपनियां पिछड़ गईं। क्षेत्रीय सूचकांकों में, फोकस्ड आईटी और सूचना प्रौद्योगिकी एकमात्र ऐसे क्षेत्र के रूप में उभरे जिनमें 2 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई।

बाजार विनिमय आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 8,331.15 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 7,171.80 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बुधवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,186.77 अंक बढ़कर 73,134.32 पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 348 अंक चढ़कर 22,679.40 पर समाप्त हुआ।

### एशियाई बाजारों में भी दिखी गिरावट

एशियाई बाजारों में व्यापक रूप से गिरावट दर्ज की गई, जिसमें दक्षिण कोरिया का कोस्पी 4.47 प्रतिशत, जापान का निक्केई 225 2.40 प्रतिशत, शंघाई का एसएसई कंपोजिट 0.74 प्रतिशत और हांगकांग का हैंग सेंग 0.70 प्रतिशत गिर गया। यूरोपीय बाजारों में भी गिरावट देखी गई, जर्मनी का डीएएक्स 1.32 प्रतिशत गिर गया, पेरिस का सीएसी 40 0.80 प्रतिशत गिर गया, जबकि लंदन का एफटीएसई 100 स्थिर रहा। बुधवार को अमेरिकी बाजार में काफी तेजी देखी गई। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 7.18 प्रतिशत बढ़कर 108.42 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# ऊर्जा सुरक्षा मजबूत
# 60 दिन का तेल भंडार उपलब्ध

### सरकार का भरोसा—फुल क्षमता पर चल रहीं रिफाइनरियां, सप्लाई में कोई संकट नहीं

### 8 राज्यों को 10% अतिरिक्त कमर्शियल एलपीजी कोटा, मांग पूरी करने की तैयारी



**नई दिल्ली।** भारत की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार देश के पास 60 दिनों का क्रूड ऑयल रिजर्व मौजूद है और रिफाइनरियां फुल क्षमता पर काम कर रही हैं। साथ ही 8 राज्यों को मिला 10% अतिरिक्त कमर्शियल LPG कोटा। वैश्विक ऊर्जा बाजार में किसी भी संभावित उतार-चढ़ाव के बीच भारत सरकार ने देश की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर एक मजबूत और आश्वस्त करने वाली जानकारी दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ किया है कि भारत के पास अगले 60 दिनों की मांग को पूरा करने के लिए कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। इसके साथ ही, व्यावसायिक गतिविधियों और औद्योगिक मांग को सुचारू बनाए रखने के लिए सरकार ने आठ राज्यों के लिए कमर्शियल एलपीजी सिलिंडरों के कोटे में अतिरिक्त 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी का भी अहम ऐलान किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने देश के सामरिक ऊर्जा भंडार की वर्तमान स्थिति पर आधिकारिक जानकारी साझा की है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में आश्वस्त किया, भारत के पास अगले 60 दिनों के लिए कच्चे तेल का स्टॉक सप्लाई है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा, सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। पिछले एक महीने में 3.33 लाख पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं।

# एआई-कॉपीराइट विवाद पर हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

## मीडिया संगठनों का समर्थन एएनआई को, एआई ट्रेनिंग में कंटेंट उपयोग पर उठे सवाल



एएनआई बनाम ओपनएआई मामले में जल्द आएगा अंतरिम आदेश, बनेगा बड़ा कानूनी मार्गदर्शक

**नई दिल्ली।** भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और कॉपीराइट नियमों के भविष्य को तय करने वाले पहले सबसे बड़े मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। समाचार एजेंसी एशियन न्यूज इंटरनेशनल यानी एएनआई और चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई के बीच चल रहे इस विवाद पर कोर्ट का अंतरिम आदेश जल्द ही आने की उम्मीद है। यह आदेश एआई मॉडल ट्रेनिंग और कंटेंट के उपयोग से जुड़े मामलों के लिए मार्गदर्शक सबित होगा। इस मामले में डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन (डीएनपीए) समेत कई अन्य संगठनों ने भी एएनआई के समर्थन में अदालत के सामने अपना पक्ष रखा है। डीएनपीए ने किया एएनआई का समर्थन इस मुकदमें में एएनआई और ओपनएआई के अलावे छह अन्य पक्षों ने भी हिस्सा लिया। डीएनपीए, इंडियन म्यूजिक इंडस्ट्री (आईएमआई) और फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स (एफआईपी) ने इस मामले में एएनआई का समर्थन किया। उनका तर्क है कि आउटपुट मूल रचनाओं की जगह ले सकते हैं।

### डीएनपीए की ओर से अदालत में दिया गया यह तर्क

डीएनपीए और आईएमआई ने अदालत में अपना तर्क देते हुए कहा कि डिजिटल स्टोरेज में कानूनी छूट केवल गैर-व्यावसायिक गतिविधियों तक सीमित है। व्यावसायिक स्तर पर बड़े पैमाने पर डेटा कॉपी करना 'जानबूझकर किया गया कॉपीराइट उल्लंघन' है। पब्लिशर्स ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि एआई जनरेटेड आउटपुट बाजार में उनकी मूल रचनाओं की जगह ले रहे हैं। इससे मीडिया उद्योग को सीधा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

### विवाद का मूल कारण और एएनआई के आरोप

यह कानूनी लड़ाई 19 नवंबर 2024 को शुरू हुई थी और 27 मार्च 2026 तक इसमें कुल 32 बार लंबी सुनवाई हुई। जस्टिस अमित बंसल की अदालत में एएनआई ने मुख्य रूप से आरोप लगाया है कि ओपनएआई ने बिना अनुमति या लाइसेंस फीस दिए उसके कॉपीराइट वाले समाचारों का उपयोग चैटजीपीटी को प्रशिक्षित करने के लिए किया है।

# मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ चार साल के निचले स्तर पर

## पीएमआई 53.9 पर फिसला, महंगे कच्चे तेल और वैश्विक तनाव का असर



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण मार्च में भारत की मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ (पीएमआई) चार साल के निचले स्तर 53.9 पर आ गई है। हालांकि निर्यात और रोजगार के मोर्चे पर भारी उछाल दिखा है। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का सीधा असर अब भारत के विनिर्माण क्षेत्र पर दिखने लगा है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों और मांग में अनिश्चितता के कारण मार्च महीने में भारतीय विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर लगभग चार वर्षों के अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित 'एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स' (पीएमआई) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, मार्च में यह सूचकांक गिरकर 53.9 पर आ गया है, जो फरवरी में 56.9 पर था। यह आंकड़ा 53.8 के प्रारंभिक अनुमान के लगभग अनुरूप ही है। इस गिरावट का मुख्य कारण मांग का कमजोर होना है।

### निजी क्षेत्र की ओर से की गई इस सर्वे रिपोर्ट में कुछ चिंताजनक रुझानों के साथ-साथ मजबूत बुनियादी संकेत भी सामने आए हैं :

**लागत में भारी वृद्धि :** एल्युमीनियम, रसायन, ईंधन और स्टील की कीमतों में तेज उछाल के कारण कंपनियों को अगस्त 2022 के बाद से सबसे भारी लागत दबाव का सामना करना पड़ा है।

**बिक्री मूल्य :** इनपुट लागत में भारी वृद्धि के बावजूद, कंपनियों ने ग्राहकों पर पूरा बोझ नहीं डाला और पिछले दो वर्षों में सबसे धीमी गति से अपने बिक्री मूल्य बढ़ाए हैं।

**निर्यात में मजबूती :** मांग में समग्र सुस्ती के बावजूद विदेशी बाजारों से समर्थन मिला है, जिससे मार्च में निर्यात ऑर्डर उछलकर छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं।

**रोजगार में वृद्धि :** कंपनियों ने अपने लंबित काम निपटाने और भविष्य की विस्तार योजनाओं को समर्थन देने के लिए नई भर्तियां की हैं। इसके चलते रोजगार वृद्धि की दर सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

## रोचक तथ्यों का करंट



- एक कॉकरोच सिर काटने के बाद भी कई दिनों तक जीवित रह सकता है।
- तरबूज गर्भावस्था के दौरान एक सामान्य स्थिति, दिल की धड़कन को आसान बनाता है। यह सुबह की बीमारी को कम करने में भी मदद करता है। फल में खनिज तीसरे-तिमाही मांसपेशी ऐंठन को रोकने में मदद कर सकते हैं।
- लगातार किसी व्यक्ति का 11 दिन से अधिक जागना असंभव है।
- कुछ कीड़े भोजन न मिलने पर खुद को ही खा जाते हैं।
- आपको यह जानकर हैरानी होगी की लाइटर का आविष्कार माचिस से पहले हुआ था।
- कुवैत में दुनिया की सबसे पुरानी फिंगरप्रिंट पाषाण युग से मेल खाने वाले टूटे हुए मिट्टी के बर्तन के टुकड़े पर खोजी गई थी। यह फिंगरप्रिंट 7,300 साल पुराना है।
- क्या आप जानते हैं? ऐप्पल का आईफोन टच आईडी एक जीवित और मृत व्यक्ति के फिंगरप्रिंट के बीच एक अंतर बता सकती है, इसलिए यदि आप मर चुके हैं तो कोई भी आपकी टच आईडी का उपयोग करके अपने आईफोन में नहीं पहुंच पाएगा।

### आयकर विभाग का नया पोर्टल लॉन्च, कर साथी से मिलेगी मदद




**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने टैक्स जमा करने की प्रक्रिया को अब पहले से कहीं अधिक आसान और पारदर्शी बनाने की पहल की है। इसके लिए गुरुवार को विभाग ने अपनी नई वेबसाइट लॉन्च की। इस आधुनिक पोर्टल की सबसे बड़ी खासियत इसका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित असिस्टेंट कर साथी है। यह नया तकनीकी कदम आम करदाताओं को टैक्स से जुड़ी उलझनों से बचाने और त्वरित समाधान मुहैया कराने के लिए उठाया गया है। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट साझा कर इस नए पोर्टल की जानकारी दी। विभाग के अनुसार, नई वेबसाइट को समावेशी और अत्यधिक यूजर-फ्रेंडली बनाया गया है।

## राशिफल



**मेष :** आज वैवाहिक संबंध में आपकी रूचि कम हो सकती है। आपके पास नए अधिग्रहण हो सकते हैं, जो आपके जीवन को अधिक आरामदायक बनाएंगे।

**वृष :** आपके लिए आज का दिन उन्नति दायक रहेगा। छोटी छोटी यात्राओं से आपको कुछ नए रिश्ते बनाने को मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां रहेंगी।

**मिथुन :** आज पैसों से जुड़ा किसी भी तरह का रिस्क ना लें। कोई भी बड़ा कदम लेने से पहले अच्छे से सोच-विचार कर लेना चाहिए। आज काम का बोझ अधिक होगा।

**कर्क :** किसी भी नये कार्य को करने से पहले अपने बड़ो-बुजुर्गों की सलाह जरूर लें। पारिवारिक माहौल को अच्छा बनाए रखने के लिए चिंतन करना पड़ेगा।

**सिंह :** आज दिन थोड़ा सा कमजोर है क्योंकि आप मानसिक रूप से तनावग्रस्त रहेंगे। आपके खर्चे भी अधिक होंगे और इनकम उनकी अपेक्षा में थोड़ी कम होगी।

**कन्या :** आज सफलता आपके कदम चूमेगी। आप अपनी ताकत और प्रतिष्ठा से पहचाने जायेंगे। आप किसी समारोह में जाने की योजना बनायेंगे।

**तुला :** गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। आप अपने वरिष्ठों और सहकर्मियों का ध्यान समान रूप से आकर्षित करेंगे।

**वृश्चिक :** चिंताएं बढ़ेंगी और खर्चे भी बढ़ेंगे। सुख-सुविधाओं पर इतना खर्च कर देंगे कि यह सोचना मुश्किल पड़ जाएगा की आवश्यकता के लिए धन कहां से लाएं।

**धनु :** आज परिवार का सहयोग मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में आप कामयाब रहेंगे। दिन मौज-मस्ती में बीतेगा।

**मकर :** पारिवारिक-जीवन आरामदायक परिवेश से खुश रहेगा। आपके लिए गये कुछ फैसले अच्छे साबित होंगे और इससे आर्थिक संकट भी काफी दूर होगा।

**कुंभ :** यात्रा पर जाने के लिए भी दिन शुभ रहेगा। कोई खुशखबरी मिल सकती है जिससे आपके परिवार में खुशी की लहर दौड़ जाएगी।

**मीन :** आज किए कार्यों का नतीजा पक्ष में होगा। जो लोग कॉस्मेटिक का कारोबार कर रहे हैं, उनके लिये दिन ठीक रहेगा। कार्यों में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

## चुटकुले

पप्पू : मम्मी मैं बड़ा होकर क्या बनूंगा?
मम्मी : बेटा इंसान बन जाना, बाकी सब अपने आप हो जाएगा

पत्नी : तुम मुझे पहले जैसा प्यार क्यों नहीं करते?
पति : पहले मैं फ्री ट्रायल पर था, अब सब्सक्रिप्शन चालू है

दोस्त : भाई तू gym क्यों जाता है?
मैं : ताकि जब कोई बोले हल्का-फुल्का उठा लो तो इज्जत बच जाए

डॉक्टर : तुम्हें आराम की जरूरत है
मरीज : ठीक है, मैं व्हाट्सऐप स्टेटस डाल देता हूँ Do Not Disturb

टीचर : बताओ "I Love You" का हिंदी में मतलब?
स्टूडेंट : सर, मैं तुम्हें परेशान करना चाहता हूँ

लड़की : तुम मुझे कितना मिस करते हो?
लड़का : जितना नेटवर्क गायब होने पर मोबाइल

पापा : बेटा पढ़ाई कैसी चल रही है?
बेटा : बस पापा, teacher पढ़ा रहे हैं और हम सह रहे हैं

पत्नी : मैं घर छोड़कर जा रही हूँ
पति : ठीक है, मैं चाय बना लेता हूँ
पत्नी : इतनी जल्दी?
पति : practice कर रहा हूँ




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

पाकिस्तान फिर शर्मसार

# कोच ही एथलीटों से करवा रहा था डोपिंग!

## नाबालिगों को भी नहीं छोड़ा, 10 साल बाद खुली पोल



**नई दिल्ली।** खेल मध्यस्तता न्यायालय (सीएएस) की एंटी-डोपिंग डिवीजन ने पाकिस्तान भारोत्तोलन महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और कोच पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है। दोनों को खिलाड़ियों और नाबालिगों को प्रतिबंधित दवाएं देने का दोषी पाया गया है। पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों की वजह से पूरी दुनिया में रोज ही किरकिरी कराता है। अब ऐसा ही कुछ उसने खेल जगत में भी किया, जिसकी वजह से वह कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं बचा है। खेल मध्यस्तता न्यायालय (सीएएस) की एंटी-डोपिंग डिवीजन ने पाकिस्तान भारोत्तोलन महासंघ के पूर्व अध्यक्ष हाफिज इमरान बट और कोच इरफान बट पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है। दोनों को खिलाड़ियों और नाबालिगों को प्रतिबंधित दवाएं देने का दोषी पाया गया।

सीएएस के फैसले के मुताबिक, 2014 से 2016 के बीच दोनों अधिकारियों ने बड़े स्तर पर डोपिंग गतिविधियों को बढ़ावा दिया और खिलाड़ियों को स्टेरॉयड जैसे प्रतिबंधित पदार्थ दिए। इस गंभीर अपराध को देखते हुए उन्हें खेल से हमेशा के लिए बाहर कर दिया गया है। अब वे किसी भी ऐसी गतिविधि में हिस्सा नहीं ले सकेंगे, जो विश्व एंटी-डोपिंग कोड के तहत आती हो।

**अबूबकर पर लगा चार साल का प्रतिबंध**

इस मामले में एक और बड़ा नाम सामने आया है। पाकिस्तानी भारोत्तोलक अबूबकर गनी को भी चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। गनी 2021 विश्व चैंपियनशिप के दौरान डोप टेस्ट में फेल पाए गए थे, जहां उनके सैंपल में टैमोक्सीफेन मेटाबोलाइट पाया गया था। जांच में यह भी सामने आया कि उन्होंने खुद को बचाने के लिए फर्जी मेडिकल दस्तावेज पेश किए थे, जिसे डोपिंग प्रक्रिया में छेड़छाड़ माना गया। सीएएस ने गनी पर 6 मार्च 2026 से 5 मार्च 2030 तक प्रतिबंध लागू किया है। इस पूरे मामले के बाद अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने भी संकेत दिए हैं कि पाकिस्तान भारोत्तोलन महासंघ पर और सख्त कार्रवाई हो सकती है।

पहले से ही महासंघ एक साल के निलंबन का सामना कर रहा है, और अब नए मामलों के सामने आने के बाद उसकी मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। यह घटनाक्रम खेलों में साफ-सुथरी प्रतिस्पर्धा पर गंभीर सवाल खड़े करता है और एंटी-डोपिंग नियमों को सख्ती से लागू करने की जरूरत को एक बार फिर उजागर करता है।

# फाइनल देखने के लिए देने होंगे 10 लाख से ज्यादा

## टी-20 फाइनल के टिकट से 13 गुना करना पड़ेगा खर्च



**वॉशिंगटन।** फीफा विश्वकप 2026 के फाइनल मुकाबले के टिकटों की कीमत 10 लाख रुपये से भी ज्यादा पहुंच गई है, जो हाल ही में हुए टी20 वर्ल्ड कप फाइनल के टिकट से करीब 13 गुना अधिक है। डायनामिक प्राइसिंग सिस्टम के कारण टिकटों की कीमत लगातार बढ़ रही है, जिससे आम फैंस के लिए मैच देखना मुश्किल होता जा रहा है। वहीं, भारी डिमांड और सीमित उपलब्धता ने कीमतों को और बढ़ा दिया है, जिससे यह टूर्नामेंट अब तक का सबसे महंगा वर्ल्ड कप बन सकता है।

फीफा विश्वकप 2026 का आगाज 11 जून से होने जा रहा है। इस बार यह टूर्नामेंट अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होगा। हालांकि, फीफा ने फैंस को बड़ा झटका दिया है।

फीफा ने विश्वकप की 48 टीमों के तय हो जाने के बाद फाइनल के लिए टिकट की अधिकतम कीमत बढ़ाकर 10,990 अमेरिकी डॉलर यानी 10.28 लाख भारतीय रुपये कर दी हैं।

**किन टिकटों के दाम में हुआ इजाफा**

न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड स्थित मेटलाइफ स्टेडियम में 19 जुलाई को होने वाले फाइनल मैच के लिए फीफा के श्रेणी दो के टिकटों की कीमत 7,380 अमेरिकी डॉलर यानी 6.90 लाख रुपये कर दी गई है, जो पहले 5,575 अमेरिकी डॉलर थी यानी कि 5.22 लाख रुपये। इसी तरह से श्रेणी तीन के टिकटों की कीमत 5,785 यूएस डॉलर (5.41 लाख भारतीय रुपये) कर दी गई है जो पहले की कीमत से 4,185 डॉलर यानी 3.92 लाख रुपये अधिक है। पहले श्रेणी तीन के टिकटों की कीमत एक लाख 49 हजार रुपये थी।

**टी20 विश्वकप 2026 फाइनल के टिकट का दाम**

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आठ मार्च 2026 को हुए टी20 विश्वकप 2026 फाइनल के आधिकारिक टिकटों की शुरूआती कीमत दो हजार रुपये रखी गई थी। प्रीमियम सीटों की कीमत 20 हजार रुपये से लेकर 25 हजार रुपये तक थी, जबकि हॉस्पिटैलिटी सूट्स के टिकट 50 हजार रुपये से 75 हजार रुपये के बीच थे।

अगर टी20 विश्वकप फाइनल के अधिकतम 75 हजार रुपये से भी फीफा विश्वकप फाइनल के अधिकतम दाम की तुलना हो तो यह 13+ गुना ज्यादा है। हालांकि, रीसेल मार्केट में टिकटों की कीमतें आसमान छू रही थीं, जहां एक सीट के लिए दो से तीन लाख तक वसूले जाने की खबरें सामने आईं थीं। फीफा विश्वकप 2026 के आम टिकटों के दाम भी टी20 विश्वकप 2026 के आम टिकटों के दाम से ज्यादा हैं।

### मैक्सिको और कनाडा में भी क्रेज

टूर्नामेंट के ओपनिंग मैच (मैक्सिको ५२ सऊदी अरब, 11 जून, मैक्सिको सिटी) के टिकट की कीमत 2,355 डॉलर यानी 2.2 लाख रुपये से बढ़कर 2,985 डॉलर यानी 2.79 लाख रुपये तक पहुंच गई। वहीं, कनाडा के पहले मैच (बोस्निया-हजेगोविना के खिलाफ, 12 जून, टोरंटो) के टिकट भी 2,170 डॉलर यानी 2.03 लाख रुपये से बढ़कर 2,240 डॉलर यानी 2.1 लाख रुपये हो गए।

### टिकट खरीदना भी बना चुनौती

फीफा की टिकटिंग वेबसाइट पर टिकट खरीदना भी आसान नहीं रहा। कई यूजर्स को साइट में प्रवेश करने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। कुछ फैंस को लास्ट-मिनट सेल्स फेज पर क्लिक करने के बाद गलत क्यू में भेज दिया गया, जो किसी खास टीम के समर्थकों के लिए था। हालांकि, फीफा ने बाद में कहा कि तकनीकी समस्या को ठीक कर लिया गया है।

# शुरूआती पांच मुकाबलों के बाद कैसी है आईपीएल की अंक तालिका



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के शुरूआती पांच मुकाबलों के बाद अंक तालिका का हाल कैसा है और पर्पल कैप व ऑरेंज कैप की दौड़ में कौन से खिलाड़ी आगे हैं?

आईपीएल का 19वां संस्करण हर बदलते दिन के साथ दिलचस्प होता जा रहा है। बुधवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबले के बाद सभी टीमों के मौजूदा आईपीएल सत्र में एक-एक मैच भी हो गए। अब तक इस सत्र में पांच मैच खेले गए हैं। ऐसे में यह जानना बेहद जरूरी है कि अंक तालिका का हाल कैसा है, और पर्पल कैप व ऑरेंज कैप की दौड़ में कौन से खिलाड़ी आगे हैं।

**कैसा है अंक तालिका का हाल:** आईपीएल के मौजूदा सीजन के शुरूआती पांच मुकाबलों के बाद अंक तालिका दिलचस्प हो गई है। सभी टीमों ने एक-एक मैच खेल लिया है, जिसके बाद राजस्थान रॉयल्स शीर्ष स्थान पर काबिज है। टीम ने अपना पहला मुकाबला जीतकर दो अंक हासिल किए हैं और उसका नेट रन रेट भी सबसे बेहतर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु दूसरे और दिल्ली कैपिटल्स तीसरे स्थान पर हैं, दोनों के खाते में भी 2-2 अंक हैं, लेकिन नेट रन रेट के आधार पर उनकी रैंकिंग तय हुई है। मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स भी जीत के साथ क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर मौजूद हैं।

वहीं दूसरी ओर, गुजरात टाइटंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स को अपने-अपने पहले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है, जिसके चलते ये टीमें फिलहाल अंक तालिका में निचले पायदान पर हैं। इन सभी टीमों के पास अभी भी वापसी का पूरा मौका है, क्योंकि टूर्नामेंट अभी शुरूआती चरण में है। आने वाले मुकाबलों में प्रदर्शन के आधार पर अंक तालिका में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। आईपीएल के शुरूआती मुकाबलों के बाद अंक तालिका के अलावा ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ भी दिलचस्प हो गई है। फिलहाल सबसे ज्यादा रन मुंबई इंडियंस के स्टार ओपनर रेयान रिकेल्टन ने बनाए हैं।

**आईपीएल 2026 की अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 2 | +4.171 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 2 | +2.907 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 1 | 1 | 0 | 2 | +1.397 |
| मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.687 |
| पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.509 |
| गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | -0.509 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | -0.687 |
| लखनऊ सुपर जाएंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | -1.397 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | -2.907 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | -4.171 |

# अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम पर भड़के केरल के खेल मंत्री





**मलप्पुरम (केरल)।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने गुरुवार को कहा कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने पैसे लेने के बावजूद यहां मैच खेलने के लिए नहीं आकर राज्य को धोखा दिया। अब्दुरहीमान ने कहा कि वह वास्तव में चाहते थे कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम और लियोनल मेसी केरल आएं और राज्य में एक मैच खेलें।

उन्होंने एक टीवी चैनल से कहा, 'इसके लिए मैंने कई बार बातचीत की थी। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टीम को देने के लिए 250 करोड़ रुपये की धनराशि जुटाने के लिए प्रायोजक ढूंढना आसान काम नहीं था।' अब्दुरहीमान ने कहा, 'लेकिन पैसे मिलने के बावजूद अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने हमें धोखा दिया। हमें उनसे ऐसे विश्वासघात की उम्मीद नहीं थी। वादा करने के बावजूद उसकी टीम यहां नहीं आई।'

केरल के खेल मंत्री ने कहा कि जब उन्होंने इस संबंध में पूछताछ की तो पता चला कि अर्जेंटीना ने पांच अन्य देशों के साथ भी ऐसा ही किया था। अब्दुरहीमान ने कहा, 'उन्होंने उन देशों से पैसे तो लिए लेकिन वहां खेलने नहीं गए। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के खिलाफ मामला दर्ज करना होगा और उन्हें हमें मुआवजा देना होगा।'

उन्होंने कहा कि राज्य अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम का बेसब्री से इंतजार कर रहा था लेकिन उनके व्यवहार से उन्हें काफी दुख हुआ। अब्दुरहीमान ने कहा, 'इससे केरल के फुटबाल प्रेमियों को निराशा हुई है। मैं कितना निराश हूं इसको मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं।' पिछले साल नवंबर में मंत्री ने कहा था कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम और स्टार स्ट्राइकर मेसी मार्च 2026 में केरल का दौरा करेंगे।

अब्दुरहीमान ने कहा, 'उन्होंने उन देशों से पैसे तो लिए लेकिन वहां खेलने नहीं गए। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के खिलाफ मामला दर्ज करना होगा और उन्हें हमें मुआवजा देना होगा।'

### रसी वान डर डुसेन ने लिया संन्यास

**जोहानिसबर्ग।** रसी वान डर डुसेन ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के कॉन्ट्रैक्ट से बाहर होने के एक दिन बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। अपने भावुक पोस्ट में उन्होंने परिवार, टीम, फैंस और साथियों का धन्यवाद किया। शानदार आंकड़ों के साथ उनका करियर खत्म हुआ, लेकिन वह अब भी घरेलू क्रिकेट और युवा खिलाड़ियों के मार्गदर्शन के लिए सक्रिय रहेंगे।

दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी बल्लेबाज 37 साल के रसी वान डर डुसेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का एलान कर दिया है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब एक दिन पहले यानी बुधवार को ही क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (उरअ) ने उन्हें अपने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया था। इसके बाद गुरुवार को डुसेन ने सोशल मीडिया पर एक लंबा भावुक पोस्ट साझा कर अपने करियर और सफर को याद किया। डुसेन ने अपने पोस्ट में लिखा, 'मैं गर्व और गहरी कृतज्ञता के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं।

# मौत के मुंह से निकलकर बनी नेशनल चैंपियन

## इंदौर की गुनिका बनी युवाओं की प्रेरणा




**इंदौर।** बेंगलुरु में आयोजित चौथी राष्ट्रीय पैरा ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गुनिका शर्मा ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया है। बचपन में ब्रेन ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारी को मात देने वाली गुनिका अब एशियन स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

बेंगलुरु में आयोजित चौथी राष्ट्रीय पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा में इंदौर की गुनिका शर्मा ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। इस गौरवशाली उपलब्धि के साथ ही अब वे आगामी एशियन पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। गुनिका की यह जीत उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत और खेल के प्रति उनके अटूट समर्पण का परिणाम है।

**संघर्षों को हराकर रचा इतिहास**

गुनिका की सफलता की कहानी केवल खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके जीवन के कड़े संघर्षों की भी गवाह है।

वर्ष 2009 का वह समय उनके और उनके परिवार के लिए अत्यंत चुनौतीपूर्ण था जब उनके बचने की संभावना बहुत ही कम बताई जा रही थी। हालांकि अपनी मजबूत इच्छाशक्ति के बल पर उन्होंने न केवल उस बीमारी को मात दी बल्कि 55 प्रतिशत शारीरिक अक्षमता और पूर्ण हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी जैसी बाधाओं के बावजूद खुद को एक बेहतरीन एथलीट के रूप में स्थापित किया।

# दिल्ली कैपिटल्स को जिताने वाले समीर रिजवी की रूमर्ड गर्लफ्रेंड कौन, तस्वीरों से इंटरनेट पर लगाई आग





**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के दौरान समीर रिजवी और येशा सागर को लेकर डेटिंग अफवाहें तेजी से वायरल हो रही हैं। रेडिट पोस्ट से शुरू हुई यह चर्चा सोशल मीडिया पर ट्रेंड बन गई है। हालांकि, अब तक इस रिश्ते की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। येशा सागर एक जानी-मानी मॉडल, एक्ट्रेस और क्रिकेट प्रेजेंटर हैं, जिनकी बढ़ती लोकप्रियता ने इस चर्चा को और हवा दी है। फिलहाल यह मामला सिर्फ अटकलों तक सीमित है।

आईपीएल 2026 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। अब तक पांच मैच हुए हैं और पांचों में कड़ी टक्कर देखने को मिली है। बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स ने मुश्किलों से पार पाते हुए लखनऊ सुपर जाएंट्स को छह विकेट से हराया। इस जीत में सबसे अहम भूमिका युवा बल्लेबाज समीर रिजवी ने निभाई। उन्होंने 47 गेंद में पांच चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 70 रन की पारी खेली।

हालांकि, इस मैच से ज्यादा समीर रिजवी किसी और वजह से सुर्खियों में आ गए हैं। वजह उनका प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक मिस्ट्री गर्ल के साथ जुड़ी डेटिंग की चचाएं हैं। सोशल मीडिया पर इंडो-कनाडाई मॉडल और प्रेजेंटर येशा सागर का नाम उनके साथ जोड़ा जा रहा है। एक रेडिट पोस्ट से शुरू हुई यह चर्चा अब बड़े स्तर पर वायरल हो चुकी है। उत्तर प्रदेश से आने वाले समीर रिजवी ने आईपीएल 2024 के ऑक्शन में कमाल दिखाया था। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को चेन्नई सुपर किंग्स ने 8.40 करोड़ रुपये में खरीदा था।

इस ऑक्शन से पहले तक शायद ही कोई समीर को जानता था, लेकिन नीलामी में करोड़पति बन इस खिलाड़ी ने तहलका मचा दिया था। हालांकि, एक साल बाद ही चेन्नई ने उन्हें रिलीज कर दिया था।

समीर को यूपी की टीम में उनकी बल्लेबाजी के लिए दाएं हाथ सुरेश रैना 2.0 कहा जाता है। समीर ने अपने क्रिकेट करियर में सिर्फ यूपी ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों में भी आयोजित कई टूर्नामेंट, ट्रॉफी खेलीं।

# क्या पंत का भी होगा राहुल जैसा हाल

## हार के बाद संजीव गोयनका और ऋषभ के बीच बातचीत का वीडियो आया सामने



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाएंट्स की हार के बाद पंत और गोयनका के बीच हुई बातचीत ने टीम के अंदरूनी माहौल को चर्चा में ला दिया है। खराब बल्लेबाजी हार की मुख्य वजह रही, जबकि गेंदबाजों ने शुरूआत में अच्छा प्रदर्शन किया। अब सबकी नजर इस बात पर है कि यह मामला आगे कितना बढ़ता है और टीम मैनेजमेंट क्या रुख अपनाता है।

आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स (छरत्र) की हार के बाद कप्तान ऋषभ पंत और टीम के मालिक संजीव गोयनका के बीच हुई बातचीत ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ छह विकेट से हार के बाद मैदान पर दोनों के बीच हुई बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इस वीडियो में पंत काफी आक्रामक अंदाज में बातचीत करते नजर आए, वहीं हेड कोच जस्टिन लैंगर भी इस चर्चा में शामिल होते दिखे। फैंस ने तुरंत इसकी तुलना 2024 में केएल राहुल और गोयनका के बीच हुए चर्चित विवाद से कर दी। राहुल तब लखनऊ के कप्तान थे और अब बतौर बल्लेबाज दिल्ली कैपिटल्स की टीम से खेल रहे हैं। बुधवार को दिल्ली ने लखनऊ को छह विकेट से हरा दिया। लखनऊ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 141 रन पर सिमट गई।

# 48 देशों का मंच तैयार! किस महाद्वीप से कितनी टीमें और क्या है फॉर्मेट




**न्यूयॉर्क।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 अब तक का सबसे बड़ा और अनोखा संस्करण होगा, जिसमें 48 टीमें हिस्सा लेंगी। इराक जैसी टीमों की वापसी और इटली जैसी दिग्गज टीम का बाहर होना इसे और दिलचस्प बनाता है। नए फॉर्मेट और ज्यादा टीमों के साथ यह टूर्नामेंट फुटबॉल की दुनिया में एक नया इतिहास रचने के लिए तैयार है।

फीफा विश्वकप 2026 इतिहास का सबसे बड़ा संस्करण बनने जा रहा है। पहली बार 32 की जगह 48 टीमें इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में संयुक्त रूप से आयोजित होगा। करीब ढाई साल तक दुनिया के हर कोने में क्वालिफिकेशन मुकाबले चले। छोटे देशों से लेकर दिग्गज टीमों तक, हर किसी को इस बार अपनी जगह पक्की करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। अब 48 टीमों की पूरी लिस्ट सामने है और मंच तैयार है। यह सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि फुटबॉल की दुनिया का सबसे बड़ा महाकुंभ बनने जा रहा है।

कब और कहां होगा वर्ल्ड कप?

टूर्नामेंट की शुरूआत 11 जून 2026 से होगी। ओपनिंग मैच में मैक्सिको का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। दुनिया की नजरें इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट पर होंगी। फाइनल 19 जुलाई को मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। सभी ग्रुप्स पर एक नजर डालें-

**40 साल बाद इराक की वापसी: भावनाओं से भरी कहानी**

इस वर्ल्ड कप की सबसे भावुक कहानी इराक टीम की रही। इराक ने 1986 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया। इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ में उन्होंने बोलिविया को 2-1 से हराया। यह जीत सिर्फ एक मैच नहीं थी, बल्कि चार दशकों के इंतजार का अंत थी। युद्ध, राजनीतिक अस्थिरता और संसाधनों की कमी के बावजूद इराकी टीम ने हार नहीं मानी। उनकी यह उपलब्धि दिखाती है कि फुटबॉल सिर्फ खेल नहीं, बल्कि उम्मीद और जुनून का प्रतीक है।

**इटली का लगातार तीसरी बार बाहर होना: बड़ा झटका**

दूसरी तरफ, इटली की टीम का बाहर होना सबसे बड़ा उलटफेर रहा। चार बार की वर्ल्ड चैंपियन टीम लगातार तीसरी बार क्वालिफाई नहीं कर पाई। उन्हें बोस्निया और हजेगोविना ने पेनल्टी शूटआउट में हराया। यह नतीजा इटली के फुटबॉल सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े करता है। एक समय जो टीम दुनिया पर राज करती थी, अब लगातार असफल हो रही है। यह वर्ल्ड फुटबॉल के बदलते संतुलन का संकेत भी है।

### नया फॉमेर्ट: कैसे खेला जाएगा टूर्नामेंट

48 टीमों को 12 ग्रुप्स में बांटा गया है, हर ग्रुप में 4 टीमें होंगी। हर टीम ग्रुप स्टेज में तीन मैच खेलेगी। 39 दिनों में कुल 104 मैच खेले जाएंगे। ग्रुप की टॉप दो टीमें और आठ बेस्ट तीसरे स्थान वाली टीमें नॉकआउट स्टेज यानी राउंड ऑफ 32 में जाएंगी। राउंड ऑफ 32 में जीत हासिल करने वाली टीमें प्री क्वार्टरफाइनल (16 टीमें) में जाएंगी। राउंड ऑफ 16 में जीतने वाली टीमें फिर क्वार्टर फाइनल और वहां जीतने वाली टीमें फिर सेमीफाइनल में जाएंगी।

### कैसे हुआ क्वालिफिकेशन और कितनी टीमें कहां से

फीफा के छह महाद्वीपीय संघों (कन्फेडरेशन) के जरिए टीमों का चयन हुआ। इस बार सबसे बड़ा बदलाव यह रहा कि छोटे देशों को भी मौका मिला। पहले जहां वर्ल्ड कप में जगह बनाना मुश्किल होता था, अब नए देशों के लिए दरवाजे खुले हैं। इससे टूर्नामेंट और ज्यादा प्रतिस्पर्धी बन गया है। मेजबान होने के कारण अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको को सीधे एंट्री मिली। बाकी टीमों को लंबे क्वालिफाइंग टूर्नामेंट और प्लेऑफ से गुजरना पड़ा।

### यूरोप के प्लेऑफ: आखिरी दिन का हाई वोल्टेज ड्रामा

यूरोप में आखिरी दिन क्वालिफिकेशन बेहद रोमांचक रहा। स्वीडन ने पोलैंड को हराकर बदला लिया। तुर्किये ने कोसोवो को हराया। चेकिया ने डेनमार्क को पेनल्टी में हराया। हर मैच में आखिरी मिनट तक सस्पेंस बना रहा।

# भारत बना था विश्व चैंपियन, सचिन बोले- 15 साल बाद भी ताजा हैं यादें




**मुंबई।** सचिन तेंदुलकर ने 2011 वर्ल्ड कप जीत की 15वीं सालगिरह पर उस ऐतिहासिक रात को याद करते हुए भावुक संदेश साझा किया। धोनी के छक्के, गंभीर की पारी और पूरी टीम के योगदान से मिली यह जीत आज भी भारतीय फैंस के दिलों में जिंदा है। यह सिर्फ एक जीत नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के सपने के सच होने का प्रतीक है।

दो अप्रैल, 2011 का दिन भारतीय क्रिकेट इतिहास में हमेशा के लिए यादगार बन चुका है। इसी दिन एमएस धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका को छह विकेट से हराकर आईसीसी वनडे विश्व कप पर कब्जा जमाया था। यह जीत इसलिए भी खास थी क्योंकि भारत ने 28 साल बाद विश्व कप खिताब जीता और करोड़ों क्रिकेट प्रशंसकों का सपना पूरा हुआ। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने भी 2011 वर्ल्ड कप जीत की 15वीं सालगिरह पर उस ऐतिहासिक पल को याद करते हुए भावुक संदेश साझा किया।

**सचिन का भावुक कर देने वाला संदेश**

सचिन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए उस रात के जज्बातों को शब्दों में पिरोया, जिसने करोड़ों भारतीयों के दिलों में हमेशा के लिए जगह बना ली। सचिन ने अपने संदेश में लिखा, 'पहली गेंद हमेशा दिल की धड़कन बढ़ा देती है और उस रात, ये कभी रुकी ही नहीं। 15 साल बाद भी वो एहसास हमारे साथ है। हम सभी एक युवा टीम के रूप में बड़े हुए, एक ही सपना लेकर भारत के लिए वर्ल्ड कप जिताना है। इस सफर का हिस्सा रहे हर खिलाड़ी और हर फैन का धन्यवाद आपने इसे खास बना दिया। जय हिंद!'

**2011: जब पूरा हुआ सपना**

सचिन के लिए यह जीत बेहद खास थी, क्योंकि अपने आखिरी वर्ल्ड कप में उन्होंने ट्रॉफी उठाने का सपना पूरा किया। वह टूर्नामेंट में भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी रहे। फाइनल मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

# गाजियाबाद आसपास




# नितिन जाटव हत्याकांड : लोनी विधायक ने कमिश्नर को लिखा पत्र, हत्यारों के 'एनकाउंटर' की मांग

## 'जेहादी साजिश' का आरोप : विधायक ने घटना को कट्टरपंथियों और स्लीपर सेल से जुड़ा बताया

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नितिन जयंत जटव की हत्या की घटना को गंभीरता से देखते हुए कमिश्नरेट गाजियाबाद को पत्र लिखकर हत्यारोपियों को एनकाउंटर करने की सिफारिश की है।

दलित युवक नितिन जयंत जाटव की बर्बर हत्या की घटना अत्यंत गंभीर एवं निंदनीय है क्योंकि यह साधारण हत्या नहीं बल्कि योजनाबद्ध तरीके से की गई हत्या है। जेहादियों द्वारा तीन लोगों की हत्या की योजना बनाई गई लेकिन



भीड़ की आवागमन से दो लोग बच गए और नितिन जाटव की पीट पीटकर बेरहमी से गला दबाकर हत्या कर दी गईं। इस घटना ने न केवल पीड़ित परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र के समाज को झकझोर कर रख दिया है। आमजन में भारी आक्रोश व्याप्त है जो स्पष्ट रूप से लोगों द्वारा किए गए सड़क जाम के रूप में देखा जा चुका है जिसे प्रशासन द्वारा कठोरतम कार्यवाही के आश्वासन पर समाप्त कराया गया। प्राथमिक स्तर पर कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है, परंतु अभी भी कई दोषी खुलेआम घूम रहे हैं जिनमें महिलाएं भी शामिल है जो कानून के प्रति भय के अभाव को दशार्ता है। यदि इस मामले में शीघ्र, कठोर एवं निर्णायक कार्रवाई नहीं की गई, तो जनाक्रोश और अधिक बढ़ सकता है और क्षेत्र का माहौल खराब हो सकता है क्योंकि यह हत्या भी सलीम वास्तिक की तरह ही समाज में भय व्याप्त करने के लिए कट्टरपंथी मौलानाओं एवं जेहादियों के इशारे पर की गई है क्योंकि एक दलित से मुस्लिम लड़की के प्रेम विवाह से कट्टरपंथी ताकतें नाराज थी। इस घटना का कनेक्शन उन स्लीपर सेलों से भी है जिन्हें आपकी पुलिस ने धौलाना, लोनी, साहिबाबाद, वैशाली समेत आदि में बेहतरीन कार्यशैली का उदाहरण देते हुए पकड़ा हैं अतः उक्त प्रकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शेष सभी आरोपियों पर इनाम घोषित कर इनका एनकाउंटर किया जाए। जिस प्रकार आपकी पुलिस ने 72 घंटों में सलीम वास्तिक पर हमला करने वालों को त्वरित न्याय के तहत 72 घंटे में ही हूरों के पास भेजा था ठीक इसी प्रकार उक्त मामले में भी कार्यवाही की जाएं जिससे भविष्य में कोई भी दुस्साहस न कर सकें और लोनी में सद्भावपूर्ण माहौल बना रहे।




### किस जनप्रतिनिधि ने पहन ली गोल्ड की रिंग और गुरू जी वाला लॉकेट

राजनीति में वैसे तो वो जनप्रतिनिधि अब किंग वाले सीन में हैं। बड़े बड़े तराने वो बड़े आराम से सिंग कर रहे हैं। सियासत की देवी उन पर मेहरबान है। मगर ऐसा क्या है तो वो अभी और चाहते हैं। गौर करने वाले भी हर चीज पर गौर करते हैं। जनप्रतिनिधि की उंगली में गोल्ड की रिंग आ गई है। सोने की अंगूठी बड़ी बात नहीं है लेकिन उस अंगूठी में स्वर्ण जडित ओम का अर्थ है। क्या ये सियासी कृपा पाने का कोई मंत्र है। केवल सोने की अंगूठी से काम नहीं चला है और सुना है कि जनप्रतिनिधि की कलाई में गुरूजी वाला ब्रेसलेट आ गया है। अब कलाई का रॉकेट जनप्रतिनिधि की पोलिटिक्स को कितना रॉकेट करेगा ये पता चल जायेगा। बताने वाले बता रहे हैं कि मंत्री मंडल का विस्तार होते ही अंगूठी ब्रेसलेट के इफैक्ट दिखाई देंगे।

### जो हैं अब टीम के किरदार उन्होंने ही कितना किया था अध्यक्ष बनने पर स्वागत

भाजपा में स्वागत भी एक तराजू है जिससे वफादारी का पता चलता है। स्वागत की ताकत से सियासी पॉवर का अंदाजा होता है। जब महानगर वाली टीम के किरदार सामने आये तो यहां एक पूर्व ने कह भी दिया था कि जो नहीं बने वो भी कम दिखेंगे और जो बन गये हैं उन्हें भी ध्यान रखना है। चर्चा फूल वालों में चली और बताया गया कि हाथ कंगन को आरसी नहीं है पुराने फोटो उठाकर देख लो ये जितने भी बने हैं इनमें से किसने अध्यक्ष का स्वागत अपने घोषित होने से पहले किया। कोई ये शिकायत ना करे कि समय नही मिला। अध्यक्ष ने पूरा एक साल पुराने चेहरों से काम चलाया है। जरा टीम में आये चेहरे फोटो तो दिखायें कितना जोरदार स्वागत उन्होंने अध्यक्ष बनने पर उनका कराया है।

### उनका नहीं हुआ विकास जो लगाकर बैठे थे दो करोड़ का हिसाब

सरकार ने उन्हें नामित बनाया तो कृपा वाला ढोल बजा और फिर वो भी लिस्ट बनाने लगे कि कहां कहां की सड़क बनवानी है और कहां सीवर ठीक कराना है। विकास वाला फीवर पुराने देवतुल्य ने ही उतार दिया। पुराने देवतुल्य ने नये नये नामित को बताया कि विकास की मरोड़ तो उनकी निकल गई जो करोड़ का हिसाब लगाकर बैठे थे। उसने कहा कि ना यकीन हो तो किंग सिटी वाले चौधरी साहब से पूछ लो। इतना विकास हुआ है कि संभाले नहीं संभल रहा। साफ कह दिया कि तुम तो किंग सिटी के हो तुम्हें विकास की क्या जरूरत। गांधी वालों को भी बता दिया कि बेटा आंधी में तुम जीत भले गये हो लेकिन ज्यादा उड़ो मत। हाल ए दिल उनका भी कुछ ऐसा है कि कभी पुरानी नालियों को देखकर खुश हो लेते हैं कभी पार्कों में जाकर विकास का गीत गा लेते हैं। पूछ लेना कोटा वाले अरमानों पर पूरी केयर से सोटा बजा है। इसलिए मैम्बरी के मजे लो और विकास पर ज्यादा फोकस ना करो तो ही तुम्हारे लिए ठीक है।

# खून के रिश्तों में रंजिश : लोनी में भतीजों ने मिलकर चाचा को अधमरा किया

**लोनी, करंट क्राइम।** ट्रोनिका सिटी थाना एरिया में भतीजों ने चाचा को जमकर मारा पीटा। मामला गुरुवार सुबह बदरपुर गांव का है। बताया जा रहा है कि पारिवारिक पुराने विवाद के चलते भतीजों ने चाचा के साथ लाठी डंडे से मारपीट की। मारपीट में चाचा के सिर में काफी चोट आई। पीड़ित के बेटे ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पीड़ित की शिकायत पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बदरपुर गांव में रहने वाले कुरबान अली के बेटे शाहनवाज ने बताया कि उनके पिता कुरबान अली गुरुवार सुबह घर पर बैठे थे। उनके चाचा व ताऊ पारिवारिक पुराने विवाद के चलते रंजिश रखते हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह कंपनी में नौकरी के लिए चले गये थे।

इसके बाद चाचा व ताऊ के पांच बेटो ने लाठी डंडे से उनके पिता कुरबान व भाई सरफराज के साथ मारपीट की। जिसमें पिता के सिर में व शरीर में काफी चोट आई। शोर शराबा सुनकर लोग एकत्र होने लगे, तो पांचों जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। परिजनों ने मामले की जानकारी उन्हें दी। जिसके बाद वह घायल पिता को लेकर थाने पहुंचे और मामले से अवगत कराते हुये तहरीर दी है।

# नेशनल पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में 'वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह' का आयोजन अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के उन मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।





## मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष शांतनु शर्मा, उपाध्यक्ष प्रियांशु शर्मा एवं प्रधानाचार्या रीना शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस गौरवशाली क्षण के साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण के साथ-साथ विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए कई मनमोहक और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संगीत, नृत्य और नाटकों के माध्यम से छात्रों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। शैक्षिक सत्र में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या रीना शर्मा ने कहा, शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। वहीं, उपप्रधानाचार्या बबीता शर्मा ने भी मेधावी छात्रों की सराहना की और उन्हें निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# श्रीबाला जी सेवा समिति सदरपुर ने मनाया श्री हनुमान जन्मोत्सव



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** श्री बाला जी सेवा समिति सदरपुर द्वारा प्रभु श्री हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुपर मार्किट गोविन्दपुरम अनाज मंडी में यह भंडारा आयोजित हुआ। इस अवसर पर बिट्टू रावत, विजय कुमार, प्रहलाद राणा, सुशील कुमार, शैली बाबा, रॉबिन तेवतिया, सुमित सक्सैना, जन्म सिंह, डॉ कपिल शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर हआ विशाल भंडारे का आयोजन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री बाला जी मनोकामना धाम मंदिर पर प्रभु श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर भंडारे का आयोजन किया गया। प्रथम दिन बुधवार को सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या का आयोजन हुआ। गुरूवार को हवन पूजन के बाद भंडारा आयोजित हुआ। नंगला पाठ खेड़ा मधुबन बापूधाम पर यह आयोजन श्री जीवनऋषि सेवा आश्रम ट्रस्ट के संस्थापन तथा अध्यक्ष महंत स्वामी जीवन ऋषि जी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।

# महरौली में आयोजित हुआ सुंदर कांड का पाठ तथा विशाल भंडारा









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रभु श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर सुंदर कांड का पाठ और राकेश गुप्ता द्वारा विशाल भंडारा आयोजित हुआ। महरौली गांव पर इस भंडारे का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ में क्षेत्र के सैकंड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# खाटू नरेश के दरबार में गूंजी विश्व शांति की अरदास, 11 अप्रैल को लगेगा विशाल रक्तदान शिविर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रामनगर स्थित गजप्रस्थ क्षेत्र में भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के महानगर उपाध्यक्ष और भाजपा युवा नेता राजेश वर्मा के निवास पर आयोजित श्री खाटू श्याम कीर्तन में जहाँ एक ओर श्रद्धालुओं ने बाबा के भजनों का आनंद लिया, वहीं दूसरी ओर मानवता की रक्षा का संकल्प भी लिया गया। कीर्तन के दौरान वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए अमेरिका, इजरायल, ईरान और खाड़ी देशों के बीच जारी भीषण युद्ध की समाप्ति के लिए विशेष प्रार्थना की गई। श्रद्धालुओं ने खाटू नरेश से गुहार लगाई कि युद्ध के लिए जिम्मेदार वैश्विक नेताओं को सद्बुद्धि प्रदान करें ताकि दुनिया में शांति स्थापित हो सके।

समाजसेवा की इसी कड़ी में राजेश वर्मा ने घोषणा की कि आगामी 11 अप्रैल 2026 (शनिवार) को उनके निवास स्थान (262 ए, रामनगर) पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक चलेगा। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय जनता और श्याम प्रेमियों से अपील की है कि वे इस देश हित के कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक संजीव शर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ पंडित अशोक भारतीय, संदीप त्यागी रसम, महानगर महामंत्री पंकज भारद्वाज, समाजसेवी अजय चोपड़ा, संदीप शर्मा और आनंद वर्मा जैसे गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्ष्मी वर्मा, अमित वर्मा, सार्थक वर्मा, राजेश स्वामी, नरेश वर्मा सहित पाण्डेय और वर्मा परिवार के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। पंडित अशोक भारतीय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# Jr. NBA नेशनल चैम्पियनशिप में नेहरू वर्ल्ड स्कूल बना चैंपियन, जतिन बने मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर






**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** नेहरू वर्ल्ड स्कूल ने दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित इंटर-स्कूल ३७३ ख१. ढइअ नेशनल चैम्पियनशिप जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमाई है। देशभर की करीब 2,500 स्कूल टीमों के बीच कड़े मुकाबले में नेहरू वर्ल्ड स्कूल ने शानदार टीमवर्क और निरंतरता दिखाते हुए यह ऐतिहासिक जीत हासिल की। जतिन शर्मा शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन के लिए टूर्नामेंट के 'मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर' चुने गए। वंश शर्मा दिल्ली ऑल-स्टार टीम में चयन के साथ ही ऑल-स्टार चैम्पियनशिप जीती और 'टॉप स्कोरर' रहे। टीम को ट्रिपल टैक अकैडमी के कुशल मार्गदर्शन में तैयार किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता को खिलाड़ियों की मेहनत और कोचिंग स्टाफ के समर्पण का परिणाम बताया है। यह जीत स्कूल स्तर की बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं में एक नया कीर्तिमान है।




# क्राइम ब्रांच वालों की मेजबानी रही लाजवाब

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अभी तक कई बड़े खाने और आयोजन हुए हैं लेकिन क्राइम ब्रांच परिसर में हुए कार्यक्रम का संदेश अलग ही गया है। जितना भव्य मंदिर बना है और जितना शानदार आयोजन हुआ है, उतना ही प्रेम, सद्भाव और सम्मान के साथ भोजन वाला कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। खाने की क्वालिटी से लेकर वैरायटी बता रही थी कि अधिकारियों और क्राइम ब्रांच की पूरी टीम ने मेहनत और यूनिटी का परिचय यहां भी दिया है। सबसे खास तो वह नजारा था, जहां क्राइम वाले साहब, एसीपी, थ्री-स्टार प्रभारी से लेकर टू-स्टारों के साथ टीम को शक्ति प्रदान करने वाले युवा पुलिसकर्मी खुद अपने हाथों से गरमा गरम रोटियां, पुड़ियां, सब्जी-प्रसाद और पकवान परोस रहे थे। लंबे समय बाद ऐसा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नजारा देखने को मिला है। जहां अधिकारियों की टेबल साथ सजी, इस परिसर में मीडिया मौजूद थी और उनका अन्य स्टाफ भी साथ था। कुल मिलाकर जिस तरीके से क्राइम वाले साहब ने डिजिटल तकनीक के जरिये यह दशार्या की क्राइम ब्रांच की दशा और दिशा पहले



कैसी थी और वर्तमान में क्या परिवर्तन और बदलाव किए गए हैं। कुल मिलाकर कभी जहां जाने से लोग कतराते थे, आज वहां सकारात्मक माहौल, ऊर्जा और शानदार नजारा प्रस्तुत किया जा रहा है। पार्क वाकई बेहद भव्य और दर्शनीय हो गया है। भगवान शंकर की जटाओं से निकलता पानी और बच्चों के खेलने का स्थान वाकई महिला थाना परिसर और लोकल इंटेलिजेंस यूनिट की नई तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है। कुल मिलाकर जिस तरीके का यह आयोजन हुआ, इसमें क्राइम ब्रांच वालों की मेजबानी लाजवाब रही। अधिकारियों से लेकर वहां मौजूद लोगों के कुछ चेहरे सब कुछ बयां कर रहे थे। कुल मिलाकर कहा जाए तो जिस तरीके से क्राइम कंट्रोल को लेकर क्राइम वाली यूनिट में अपना परिचय दिया है, ठीक उसी तरीके से इस भव्य दिव्य और धार्मिक आयोजन में समरसता का जो संदेश गया है। इसकी गूंज दूर तक जाएगी। साथ ही आने वाले दिनों में जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थानों में बड़े खाने के कार्यक्रम आयोजन है ,उसका भी स्वरूप बदलने का काम करेगा। कुल मिलाकर कमिश्नरेट में साहब के आने के बाद से टीम के व्यवहार ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की तस्वीर बदलने का काम कर दिया है।

# खत्री समाज अपनी पहचान के लिए जाति के स्थान पर लिखें 'खत्री', प्रांतीय बैठक में निर्णय




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रांतीय खत्री सभा उत्तर प्रदेश की एक दिवसीय बैठक गाजियाबाद के शिवाजी बैंकट हॉल में संपन्न हुई। कार्यक्रम में समाज की एकजुटता और सनातन धर्म के प्रति कर्तव्यों पर विशेष बल दिया गया। मुख्य संरक्षक महेश कुमार आहूजा ने महत्वपूर्ण आह्वान करते हुए कहा कि सरकारी गणना या फॉर्म भरते समय अरोड़ा या अन्य सरनेम के बजाय जाति के स्थान पर 'खत्री' लिखना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि समाज को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के वंशज के रूप में सनातन धर्म, गौमाता और गंगा की रक्षा के लिए अग्रणी भूमिका निभानी होगी।

अध्यक्ष अमित खत्री और गाजियाबाद अध्यक्ष अनिल अरोड़ा ने युवाओं को समाज से जोड़ने और नई शाखाओं के विस्तार की बात कही। महामंत्री बृजेश मेहरोत्रा ने कार्यवाही का विवरण दिया। बैठक में समाज के कमजोर वर्गों की सहायता, बच्चों का विवाह उचित आयु (24-25 वर्ष) में करने और आपसी मतभेद घर में ही सुलझाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर राजकुमार टंडन, विकास कक्कड़, तूलिका सेठ सहित प्रदेश भर से आए अनेक पदाधिकारी व गणमान्य जन मौजूद रहे।

# पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवक को स्कूटी ने मारी टक्कर, पैर की हड्डी टूटी

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी थाना एरिया मे मेवला भट्टी गांव में पुलिस भर्ती के लिए फिजिकल वर्क कर रहे युवक को स्कूटी सवार ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक मेवला से सिरोली मार्ग पर दौड़ लगा रहे था। घटना के बाद स्कूटी सवार मौके से भाग गया। राहगीरों की सूचना पर परिजनों ने घायल को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है, परिजनों की मानें तो युवक के पैर की हड्डी टूट गई है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पीड़ित की ओर से काई शिकायत नहीं आई है। शिकायत मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।




जानकारी के मुताबिक मेवला भट्टी गांव में रहने वाले सन्नी गुरुवार सुबह गांव के पास स्थित मेवला भट्टी सिरौली मार्ग पर पुलिस भर्ती की तैयारी के लिए दौड़ लगा रहे थे। जब वह गांव से कुछ दूर पहुंचे तो पीछे से आ रहे स्कूटी चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे उनके पैर की हड्डी टूट गई। आरोप है कि घटना के बाद चालक स्कूटी लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना उन्हें व पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस व परिजन ने घायल को दिल्ली जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया।

# ए.बी.ई.एस. में 'जेनरो-26' का आगाज : सुनंदा शर्मा की धुनों पर झूमे छात्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिक टेक्नो-कल्चरल फेस्ट 'जेनरो-26 : द एटर्नल लेगेसी' का शानदार शुभारंभ हुआ। महोत्सव के पहले दिन पंजाबी पॉप स्टार सुनंदा शर्मा ने अपनी धमाकेदार परफॉर्मेंस से समां बांध दिया, जिसमें छात्र देर रात तक थिरकते नजर आए। कॉलेज के चेयरमैन नीरज गोयल ने दीप प्रज्वलित कर आयोजन की





शुरूआत की। संस्थान के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन और भी भव्य बनाया गया है। पहले दिन स्टैंड-अप कॉमेडियन राकेश अदलखा ने अपनी कॉमेडी से सबको लोटपोट किया। 3 अप्रैल को निजामी बंधु की सूफी नाइट और अपूर्वा चौहान का बैंड परफॉर्म करेगा। वहीं, 4 अप्रैल को प्रसिद्ध गायक परमिश वर्मा की स्टार नाइट और डीजे मुनेका के साथ 'सनबर्न नाइट' का आयोजन होगा। मनोरंजन के साथ-साथ महोत्सव में टेक्नो एक्सपो और आइडिएथॉन जैसे 50 से अधिक शैक्षणिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। निदेशक डॉ. आलोक चौहान ने बताया कि यह उत्सव छात्रों के सर्वांगीण विकास और उनकी प्रतिभा को निखारने का एक सशक्त मंच है।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रभु श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आस्था और श्रृद्धा के भाव को भाजपा नेता कुंजन पंडित ने अपने ही अंदाज में प्रस्तुत किया। उन्होंने लिखा कि ये हनुमान का देश है। मेरे श्रीराम का देश है। नन्हें रोनी भाई को प्रभु श्री हनुमान के इस स्वरूप में प्रस्तुत किया और सभी को हनुमान जयंती की बधाई दी। कुंजन पंडित की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## नासा ने आर्टेमिस-2 मिशन को सफलता पूर्वक किया लॉन्च

**वॉशिंगटन।** नासा का आर्टेमिस-2 मिशन लॉन्च हो गया है। चार अंतरिक्ष यात्री ओरियन कैप्सूल में सवार होकर चांद की ओर बढ़ रहे हैं। 10 दिनों के इस मिशन में यात्री चांद की परिक्रमा करेंगे और गहरे अंतरिक्ष के प्रभावों का अध्ययन करेंगे। इस बीच अंतरिक्ष से कमांडर रीड वाइसमैन ने पहला संदेश भी भेजा है।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने आर्टेमिस-2 मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से एसएलएस रॉकेट ने 'इंटीग्रिटी' नाम के ओरियन कैप्सूल को अंतरिक्ष में पहुंचाया। भारतीय समय के अनुसार यह लॉन्चिंग गुरुवार सुबह 4:05 बजे हुई। इस मिशन के साथ ही इंसान करीब 54 साल बाद एक बार फिर चांद की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। इस मिशन को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नासा के आर्टेमिस 2 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर नासा की टीम और अंतरिक्ष यात्रियों को बधाई दी है। उन्होंने इस लॉन्च को अद्भुत बताया।

# डेमोक्रेटिक सांसदों ने यूएस के भविष्य पर उठाए सवाल

## पूछा- ईरान से जंग कब होगी खत्म



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसदों ने ईरान के साथ चल रहे युद्ध को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि एक महीना बीतने के बाद भी ट्रंप अपने लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए हैं। सांसदों ने भारी नुकसान का हवाला देते हुए ट्रंप से तुरंत युद्धविराम करने और कूटनीतिक रास्ता निकालने की मांग की है।

अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति के वरिष्ठ डेमोक्रेटिक सांसदों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान नीति पर कड़े सवाल उठाए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि आगे चलकर इस युद्ध की मानवीय, आर्थिक और भू-राजनीतिक कीमत बहुत भारी पड़ रही है। राष्ट्रपति के राष्ट्र के नाम संबोधन से पहले सांसदों ने एक साझा बयान जारी कर अपनी चिंताएं जाहिर की।

### डेमोक्रेटिक सांसदों ने लगाए आरोप

सांसद ग्रेगरी मीक्स, एडम स्मिथ और जिम हाइम्स ने कहा राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी मर्जी से ईरान के खिलाफ यह युद्ध शुरू किया था। इसे शुरू हुए एक महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन ट्रंप अपने लक्ष्यों को हासिल करने के करीब भी नहीं पहुंचे हैं। सांसदों का तर्क है कि इस सैन्य कार्रवाई से ईरान के शासन में कोई बुनियादी बदलाव नहीं आया है। ईरान अब भी परमाणु कार्यक्रम चलाने, मिसाइलें बनाने और आतंकी समूहों की मदद करने में सक्षम है। इसके अलावा, ट्रंप ईरान के आम लोगों को भी कोई राहत नहीं दे पाए हैं।

### नुकसान पर क्या बोले सांसदों

सांसदों ने इस युद्ध में हुए जान-माल के मानवीय और भौतिक नुकसान को उजागर करते हुए बयान में आगे कहा, अब तक 13 अमेरिकी सैनिक अपनी जान गंवा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। युद्ध में अरबों डॉलर के हथियार और सैन्य उपकरण या तो बर्बाद हो गए हैं या उन्हें भारी नुकसान पहुंचा है।

मानवीय नुकसान का जिक्र करते हुए सांसदों ने कहा कि हजारों ईरानी नागरिक मारे गए हैं, जिनमें 150 से ज्यादा स्कूली छात्राएं भी शामिल हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ट्रंप की इस विनाशकारी कार्रवाई की वजह से बहुत से लोग अमेरिका के खिलाफ हो गए हैं और कट्टरपंथ बढ़ रहा है।

### अर्थव्यवस्था और सहयोगियों पर असर

बयान में कहा गया कि इस युद्ध की वजह से दुनिया भर में तेल, खाद और हीलियम जैसी जरूरी चीजों की सप्लाई कम हो गई है। इससे अमेरिका और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा है। सांसदों ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रंप ने अपने पुराने और वफादार सहयोगियों का अपमान किया, उन पर दबाव डाला है और उन्हें नीचा दिखाया है। इसी वजह से अब कई मित्र देश इस युद्ध में अमेरिका का साथ देने से मना कर रहे हैं।

### कूटनीतिक समाधान की अपील

डेमोक्रेटिक सांसदों ने मांग की है कि ट्रंप देश को बताएं कि यह युद्ध कब और कैसे खत्म होगा। उन्होंने राष्ट्रपति से अपील की है कि वह तुरंत ईरान के साथ युद्धविराम पर बातचीत शुरू करें। सांसदों के अनुसार, इस विनाशकारी युद्ध को रोकने का यही एकमात्र तरीका है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही कूटनीतिक समाधान नहीं निकाला गया, तो अमेरिका एक और कभी न खत्म होने वाले युद्ध में फंस जाएगा, जिसके परिणाम और भी भयानक होंगे।

## ट्रंप ने अपने संबोधन में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा पर निशाना साधा



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में कई बड़ी बातें कहीं और कई बड़े दावे किए। उन्होंने अपने संबोधन में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा पर निशाना साधा। इतना ही नहीं उन्होंने ईरान युद्ध में अमेरिका का साथ न देने के लिए नाटो देशों को भी आड़े हाथ लिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने राष्ट्र संबोधन में पूर्व समकक्ष बराक ओबामा पर कटाक्ष किया। अमेरिकी राष्ट्रपति कहा, उन्होंने ईरान के मामले में गलती की। ओबामा प्रशासन के दौरान हुए ईरान परमाणु समझौते का जिक्र किए बिना ट्रंप ने कहा कि यह एक गलती थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले कार्यकाल के दौरान इसे सुधारने का उन्हें सम्मान मिला। ट्रंप ने आगे कहा कि समझौते के बाद ईरान हम पर हंस रहा था। ट्रंप का इशारा ईरान के साथ हुए परमाणु समझौते की ओर था, जबकि वह परमाणु हथियार बनाने की कोशिशें जारी रखे हुए था। उन्होंने कहा, मैंने बराक हुसैन ओबामा के ईरान परमाणु समझौते को खत्म कर दिया। यह एक आपदा थी। ओबामा ने उन्हें 1.7 अरब डॉलर नकद दिए। उनका सम्मान और वफादारी खरीदने की कोशिश में, लेकिन यह काम नहीं आया। निर्णायक जीत का दावाः अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने संबोधन में कहा कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ निर्णायक जीत हासिल कर ली है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष अब एक अहम मोड़ पर पहुंच चुका है।

**ईरान की सैन्य क्षमता नष्टः** उन्होंने दावा किया कि ईरान की सैन्य क्षमताएं लगभग खत्म कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि ईरानी नौसेना समाप्त हो चुकी है, वायुसेना कमजोर पड़ गई है और मिसाइल भंडार को भारी नुकसान पहुंचा है।

# यूएस की पाषाण युग वाली धमकी पर कहा- 250 साल के इतिहास वाला देश 6000 साल पुरानी सभ्यता को धमका रहा



### अमेरिका और इस्राइल के हमलों से शुरू हुई जंग

पश्चिम एशिया में संघर्ष 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल के ईरान पर हवाई हमलों से शुरू हुआ था। जंग अब पांचवें हफ्ते में प्रवेश कर चुकी है। इस हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी। इसके जवाब में ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका और उसके सहयोगियों की संपत्तियों पर हमले किए। तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही भी रोकी है, जो दुनिया के लगभग 20 फीसदी तेल और गैस आपूर्ति का मुख्य मार्ग है। इस नाकेबंदी से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं और भारत और चीन जैसे बड़े बाजारों में ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

**तेहरान।** ईरानी सैन्य जनरल सैयद मजीद मूसावी ने अमेरिका की 'पाषाण युग' में वापस भेजने वाली धमकी पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिका खुद अपने सैनिकों कब्र में भेज रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ढाई सौ साल के इतिहास वाला देश 6,000 साल पुरानी सभ्यता को धमकी देकर भ्रम में जी रहा है।

ईरान के एक सैन्य कमांडर ने अमेरिका की उस चेतावनी पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने तेहरान को 'पाषाण युग' में पहुचांने की बात कही थी। सैन्य कमांडर ने यह भी कहा कि 250 साल के इतिहास वाला देश 6,000 साल पुरानी सभ्यता को धमकी दे रहा है, जो पूरी तरह भ्रम में जीने जैसा है। ब्रिगेडियर जनरल सैयद मजीद मूसावी ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की एयरोस्पेस फोर्स के प्रमुख हैं। एयरोस्पेस फोर्स को 'सेपाह' भी कहा जा जाता है। उन्होंने 'एक्स' पर अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ की पोस्ट का जवाब देते हुए कहा, 'अपने सैनिकों को आप कब्र में भेज रहे हैं, ईरान नहीं। आप ईरान को पाषाण युग में ले जाने की बात कर रहे हैं। हॉलीवुड की कल्पनाओं ने आपके दिमाग को इतना प्रभावित किया है कि 250 साल के छोटे से इतिहास के साथ आप 6,000 साल पुरानी सभ्यता को धमकी दे रहे हैं।'

**हेगसेथ और ट्रंप ने क्या कहा था**


हेगसेथ ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था, पाषाण युग में वापसी। उनकी यह पोस्ट तब आई थी, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को पाषाण युग में पहुंचाने की धमकी दी।

## शेख हसीना के ट्रायल पर ब्रिटिश लॉ फर्म का सवाल, बताया अन्यायपूर्ण

**ढाका।** ब्रिटिश लॉ फर्म ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के ट्रायल को चुनौती दी है। इसे अवैध और पक्षपातपूर्ण बताते हुए पुनः सुनवाई की मांग की गई।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ चलाए गए ट्रायल को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। एक प्रमुख ब्रिटिश लॉ फर्म किंग्सले नेपले ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए ट्रायल की निष्पक्षता और वैधता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। लंदन स्थित इस लॉ फर्म ने बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल को नोटिस भेजकर कहा है कि हसीना के खिलाफ सुनवाई अन्यायपूर्ण और अवैध परिस्थितियों में की गई। फर्म ने दो हफ्तों के भीतर जवाब मांगा है। लॉ फर्म का आरोप है कि 78 वर्षीय हसीना के खिलाफ ट्रायल उनकी अनुपस्थिति में चलाया गया।

# सुप्रीम लीडर के सलाहकार कमाल खराजी की हालत गंभीर, घर पर हुई एयर स्ट्राइक में हुए थे घायल



**तेहरान।** अमेरिका लगातार ईरान के शीर्ष नेतृत्व को निशाना बना रहा है। फरवरी में शुरू हुई जंग में ईरान के कई अहम नेता मारे गए हैं। इन्ही हमले में ईरान के पूर्व विदेश मंत्री और सुप्रीम लीडर के सलाहकार कमाल खराजी भी घायल हुए थे, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय मीडिया के अनुसार अमेरिका हवाई हमले में उनकी पत्नी की मौत हो गई जबकि खराजी गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

तेहरान में उनके घर पर हमला हुआ। इस हमले के बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। ईरानी मीडिया और स्थानीय रिपोर्ट्स में इसे एक 'हत्या की कोशिश' बताया गया है। खराजी ईरान की 'स्ट्रेटेजिक फॉरेन रिलेशंस काउंसिल' के अध्यक्ष हैं। यह संस्था सीधे देश के सर्वोच्च नेता को सलाह देती है और विदेश नीति से जुड़े बड़े फैसलों में अहम भूमिका निभाती है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और इस्राइल के हमले लगातार पांचवें हफ्ते भी ईरान पर जारी हैं।

ईरानी मीडिया ने बताया कि बुधवार को तेहरान में खराजी के घर को निशाना बनाया गया था। 'शर्ग', 'एतेमाद' और 'हम मिहान' दैनिक के अनुसार, उनकी हालत गंभीर है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस्फाहान और शिराज पर हवाई हमलों की जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी।

### 100 साल पुराने मेडिकल रिसर्च सेंटर तबाह

दक्षिणी ईरान के लारेस्तान में चार लोगों के मारे जाने की खबर है। इस बीच, ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कर दावा किया कि राजधानी स्थित 100 साल पुराने मेडिकल रिसर्च सेंटर पर हमला कर उसे तबाह कर दिया गया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता हुसैन केरमनपोर ने एक्स पोस्ट में अंतरराष्ट्रीय बिरादरी से इस 'आक्रामकता' की ओर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने इसे वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था पर सीधा हमला करार दिया।

# अमेरिका ने वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति पर लगे प्रतिबंध हटाए, रोड्रिगेज ने बताया सकारात्मक कदम



**वेनेजुएला।** अमेरिका ने वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति पर लगे प्रतिबंध को हटा लिया। वहीं, रोड्रिगेज ने इस फैसले को सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा इस फैसले से द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

संयुक्त राज्य अमेरिका ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज पर लगे प्रतिबंध हटा दिए हैं। यह जानकारी अमेरिकी वित्त विभाग की वेबसाइट पर जारी एक अपडेट के अनुसार है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने बुधवार (स्थानीय समय) को कहा कि रोड्रिगेज को प्रतिबंध सूची से हटा दिया गया है। इस निर्णय के बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी गई है।

**रोड्रिगेज ने इस फैसले का स्वागत कियाः** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्स एक पोस्ट में, रोड्रिगेज ने इस कदम का स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि आर्थिक विकास और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वेनेजुएला पर लगे अतिरिक्त प्रतिबंध हटाए जा सकते हैं। उन्होंने पोस्ट किया, राष्ट्रपति ट्रंप का निर्णय हमारे देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें विश्वास है कि यह प्रगति और दृढ़ संकल्प हमारे देश पर लगे अतिरिक्त सक्रिय प्रतिबंधों को हटाने की ओर ले जाएगा।

रोड्रिगेज ने आगे कहा इससे हमारे लोगों के हित में तीव्र आर्थिक विकास, निवेश और प्रभावी द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

आइए, हम सभी के लिए एक समृद्ध वेनेजुएला की दिशा में काम करते रहें! रोड्रिगेज ने इससे पहले राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के अधीन उपराष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था। उनकी सरकार के सदस्यों को लक्षित करने वाले उपायों के तहत 2018 में संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर से उन पर प्रतिबंध लगाए गए थे।

**वेनेजुएला में जनवरी में क्या हुआः** दरअसल, 3 जनवरी को अमेरिकी सैन्य बलों ने वेनेजुएला के खिलाफ एक व्यापक अभियान चलाया। इसमें मादुरो और उनकी पत्नी को जबरन पकड़कर न्यूयॉर्क ले गए। इसके बाद रोड्रिगेज ने कार्यवाहक राष्ट्रपति का पदभार संभाला और तब से वाशिंगटन उनके प्रशासन के साथ संपर्क में है।

# ईरान ने अमेरिका को दी धमकी, अमीर हतामी बोले- कदम रखा तो लाशें भी नहीं मिलेंगी



**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध अब आर-पार की जंग में बदल चुका है। ईरान के सेना प्रमुख ने अमेरिका को अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। वहीं, तेहरान में हुए हवाई हमले में ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनकी पत्नी की मौत हो गई है।

ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। ईरानी सेना के प्रमुख मेजर जनरल अमीर हतामी ने कहा है कि अगर अमेरिकी सेना ने इस्लामिक गणराज्य ईरान की धरती पर कदम रखा, तो हमलावरों में से एक भी शख्स जिंदा नहीं बचेगा। हतामी ने कहा कि हमारे देश के ऊपर से युद्ध के बादलों को हटना ही होगा। सभी को सुरक्षा मिलनी चाहिए, क्योंकि यह मुमकिन नहीं है कि बाकी जगहें तो सुरक्षित रहें और हमारे लोग असुरक्षित।

**ट्रंप के बयान पर भड़के आयरलैंड के पीएम**

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि ईरान को 'पत्थर युग' में भेज देंगे। आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन ने ट्रंप की उग्र भाषा की कड़े शब्दों में निंदा की है। मार्टिन ने कहा कि युद्ध में शामिल दोनों पक्षों को आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। पीएम मार्टिन ने कहा कि हम सब जानते हैं कि ईरान की हुकूमत दमनकारी रही है, लेकिन इस युद्ध में वो मासूम लोग मारे जा रहे हैं और बर्बाद हो रहे हैं, जिनका इस हुकूमत से कोई लेना-देना नहीं है।

**हमारे पास हथियारों का खजाना- ईरानी सेना**

दूसरी ओर, अमेरिकी और इस्राइली हमलों के बाद भी ईरान के हौसले पस्त होते नहीं दिख रहे हैं। ईरानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जोलफाघरी ने दावा किया है कि तेहरान के पास हथियारों और गोला-बारूद का गुप्त भंडार मौजूद है। जोलफाघरी ने कहा कि अमेरिका जिन ठिकानों को तबाह करने का दावा कर रहा है, वो मामूली हैं। हमारे असली सैन्य ठिकाने ऐसी जगहों पर हैं, जिनके बारे में अमेरिका और इस्राइल को कोई जानकारी नहीं है।

**हमले में पूर्व विदेश मंत्री गंभीर रूप से घायल**

इसी खूनी संघर्ष के बीच ईरान की राजधानी तेहरान से एक बड़ी खबर सामने आई है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, एक हवाई हमले में देश के पूर्व विदेश मंत्री और सीनियर डिप्लोमैट कमाल खराजी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इतना ही नहीं, इस हमले में उनकी पत्नी की भी मौत हो गई है।

## ईरानी इंजीनियरिंग की मिसाल बी1 ब्रिज हवाई हमले में तबाह

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच एक बड़ी खबर आ रही है। जंग के 34वें दिन हवाई हमलों में पश्चिम एशिया के सबसे ऊंचे पुल को निशाना बनाया गया है। इस हमले के बाद ईरान की राजधानी तेहरान का अपने पड़ोसी शहर करज से संपर्क पूरी तरह कट गया है। स्थानीय मीडिया ने इस भीषण हमले की पुष्टि की है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में कई लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है।

हमले की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुल के अलावा करज शहर के कई अन्य इलाकों को भी निशाना बनाया गया है, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल है। यह पश्चिमी एशिया के सबसे आधुनिक इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स में से एक था, जिसे पूरी तरह से ईरानी तकनीक की मदद से तैयार किया गया था। इस पुल की खासियतें हैरान करने वाली थीं।

# ट्रंप कर रहे हैं बार-बार युद्ध खत्म होने का दावा, क्या काम आ रहा ईरान का आर्थिक बम



### भरोसे की कमी भड़का रही है युद्ध की आग

ईरान के हुक्मरान अमेरिका और उसके दावे पर भरोसा नहीं कर रहे हैं। पूर्व ब्रिगेडियर एके सिंह का कहना है कि अमेरिका दुनिया का नंबर वन फॉयर पॉवर देश है। इस्राइल के साथ मिलकर सैन्य अभियान चला रहा है। ब्रिगेडियर सिंह कहते हैं कि गलत अनुमान के साथ अमेरिका और इस्राइल ने युद्ध शुरू किया। युद्ध शांति वार्ता के प्रयासों के बीच में शुरू हुआ। इसलिए विश्वास का संकट काफी गहरा है। हालांकि ब्रिगेडियर सिंह कहते हैं कि अमेरिका और ईरान दोनों के रणनीतिकार वार्ता और शांति के प्रयास की शुरूआत को स्वीकार कर रहे हैं, लेकिन इसे धरातल पर आ पाने में समय लगेगा।

### ....तो क्या इस्राइल के साथ जमीनी हमला नहीं करेगा अमेरिका?

रंजीत कुमार कहते हैं कि लेबनान में इस्राइल का जमीनी हमला जारी है। वहां चल सकता है, लेकिन ईरान में आसान नहीं है। ईरान के पास शाहेद, कामेकाजी जैसे ड्रोन हैं। बैलिस्टिक हाइपरसोनिक मिसाइल है। अंडर वाटर अन मैन्ड वेहिकिल हैं और लाखों की संख्या में सैनिक, सैन्य कमांडो हैं। ईरान कोई सीरिया, लीबिया, इराक, फिलिस्तीन या अफगानिस्तान नहीं है। उसके पास सैन्य साजो-सामान हैं। इसलिए अमेरिका जमीनी हमले को लेकर एक राय नहीं बना पा रहा है। उसके रणनीतिकार इसके खतरे का आभास कर रहे हैं।

**वाशिंगटन।** इस्राइल-अमेरिका के ईरान से युद्ध को अब एक महीने से ज्यादा हो गए हैं। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार अमेरिका की जीत के दावों से लेकर इस संघर्ष से बाहर निकलने की बात तक कह चुके हैं। हालांकि, हर बार ईरान में अमेरिकी सैन्य अभियान को लेकर उनका बयान बदलता चला जा रहा है। अब राष्ट्र के नाम संबोधन में ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान में युद्ध के लक्ष्यों के पूरा होने के बाद संघर्ष से निकल जाएंगे।

ईरान ने अमेजन के डाटा सेंटर पर ड्रोन हमला किया, बाटेलको के दफ्तर में कर्मचारी दहशत के मारे नहीं बैठे। ईरान के आरजीसी ने 18 अमेरिकी कंपनियों पर ह्यआर्थिक बमह्व फोड़ने की चेतावनी जारी कर दी है। दूसरी तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के बयान लगातार बदल रहे हैं। वह अब 2-3 सप्ताह में युद्ध खत्म होने का दावा कर रहे हैं। आखिर आगे क्या होगा?

भारतीय सेना के पूर्व मेजर जनरल विजय कुमार नेरुला कहते हैं कि पश्चिम एशिया में ईरान ने अमेरिका की सही नस पकड़ ली है। वह आर्थिक मोर्चे पर घेरेबंदी कर रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति अपने लोगों को खुश करने में लगे हैं। उनके अंदाज से लग रहा है कि पश्चिम एशिया के हालात से अपमानित महसूस कर रहे हैं। खाड़ी देश में तैनात रहे वरिष्ठ सूत्र का कहना है कि वहां के 13 अमेरिकी सैन्य अड्डे खाली हो चुके हैं। वहां कोई नहीं है और अमेरिकी अधिकारी, सैनिक लोग रिहाइशी इलाकों, होटलों में छिपकर रहे हैं। दुबई में रह रहे एके मेनन भी कहते हैं कि यहां के हालात लगातार खराब हो रहे हैं। कारोबार और व्यापार पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। अंदाजा यही लग रहा है कि अमेरिका पश्चिम एशिया से बाहर आने का सम्मानजनक रास्ता ढूंढ रहा है। यही कारण है कि ट्रंप एक बार कुछ और दूसरी बार कुछ कह रहे हैं।

अमेरिकी कंपनियों को आरजीसी ने जारी की चेतावनी, हमला कभी भी

कुवैत के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को ईरान के ड्रोन हमले से ईंधन टैंकों में आग लग गई। दूसरी तरफ ईरान के आरजीसी ने 18 टेक कंपनियों पर अमेरिका और इस्राइल को हमले में सहयोग करने का आरोप लगाया है। इनमें गूगल, अमेजन, बाटेलको, एप्पल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, टेस्ला, बोइंग, डेल, सिस्को, एचपी, इंटेल, ओरैकल, जेपी मार्गन, जीई जैसी कंपनियां हैं। ईरान की कोशिश अमेरिका को आर्थिक मोर्चे पर डराने की है। वह सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात समेत सभी को भाई बता रहा है। उसके टारगेट पर अमेरिका, उसके सैन्य अड्डे, कारोबारी प्रतिष्ठान, दूतावास हैं। ईरान चेतावनी दे रहा है कि अमेरिका खाड़ी देशों को छोड़कर चला जाए। पूर्व मेजर जनरल विजय कुमार नेरुला का कहना है कि ईरान का मकसद अमेरिका से निबटना, उसे पीछे धकेलना है। वह अभी इस्राइल पर उतना ध्यान नहीं दे रहा है।

रक्षा और विदेश मामले के जानकार रंजीत कुमार कहते हैं कि अमेरिका की धमकी से ईरान ने डरना छोड़ दिया है। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान शांति से इनकार नहीं कर रहे हैं, लेकिन उनकी कुछ शर्तें हैं। ईरान सम्मान के साथ युद्ध की समाप्ति चाहता है। यह केवल राष्ट्रपति ट्रंप के जीत का दावा कर देने भर से नहीं रुकेगा। पूर्व एयर वाइस मार्शल एनबी सिंह कहते हैं कि इस्राइल की जिद पर युद्ध लंबा नहीं खिंचने वाला है।

क्योंकि अमेरिका हो रहे नुकसान से तंग है। दूसरी दुनिया के देशों पर बड़ा आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार कोशिश कर रहे हैं कि होर्मुज स्ट्रेट खोलने के लिए नाटो संगठन देश आगे आएं। दुनिया के अन्य देश भी पहल करें, लेकिन इटली, आस्ट्रेलिया समेत तमाम देश पीछे हट गए हैं। इस्राइल से भी खबरें आ रही हैं कि वहां की जनता में युद्ध को लेकर नाराजगी बढ़ रही है। अमेरिका के 50 शहरों में 90 लाख लोग युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन कर चुके हैं।

# ईरान में जंग के बीच विदेश मंत्री रुबियो की पुरानी पोस्ट वायरल



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नाटो से नाराजगी के बीच विदेश मंत्री मार्को रुबियो का पुराना बयान चर्चा में है। रुबियो ने पहले कहा था कि राष्ट्रपति सीनेट की मंजूरी के बिना नाटो नहीं छोड़ सकते। फिलहाल, ईरान युद्ध में यूरोपीय देशों से मदद न मिलने के कारण ट्रंप नाटो से काफी नाराज हैं।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का दो साल पुराना एक सोशल मीडिया पोस्ट फिर से चर्चा में आ गया है। इसमें उन्होंने तर्क दिया था कि अमेरिकी राष्ट्रपतियों के पास नाटो से अकेले बाहर निकलने का अधिकार नहीं होना चाहिए। यह मामला तब दोबारा उठा है जब राष्ट्रपति ट्रंप ने संकेत दिया है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म होने के बाद वह नाटो में अमेरिका की भूमिका पर फिर से विचार करेंगे।

**रूबियो की पोस्ट में क्या**

दिसंबर 2023 में रुबियो फ्लोरिडा से सीनेटर थे। तब उन्होंने एक्स पर लिखा था, 'किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को सीनेट की मंजूरी के बिना नाटो से हटने का अधिकार नहीं होना चाहिए।' उस समय रुबियो ने एक कानून का समर्थन किया था। उन्होंने इसे राष्ट्रीय हितों और लोकतांत्रिक सहयोगियों की सुरक्षा के लिए एक जरूरी कदम बताया था।

बुधवार को यह पुराना पोस्ट फिर से वायरल हो गया और इसे 23 लाख से ज्यादा लोगों ने देखा। इस पर सीनेट में अल्पमत के नेता चक शूमर ने भी अपनी बात रखी। शूमर ने कहा कि सीनेट नाटो छोड़ने और अपने सहयोगियों का साथ छोड़ने के पक्ष में वोट नहीं देगी। उन्होंने रुबियो को उस कानून के लिए धन्यवाद दिया जिसके तहत नाटो छोड़ने के लिए सीनेट में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होती है।

गाजियाबाद नगर निगम Ghaziabad Nagar Nigam (ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# मुरादनगर में अवैध कॉलोनियों पर चला जीडीए का बुलडोजर, 3600 वर्गमीटर कब्जा ध्वस्त

**प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई, बिना नक्शा पास कर प्लाटिंग कर रहे भू-माफियाओं पर शिकंजा**



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के कड़े निर्देशों के अनुपालन में गुरुवार को मुरादनगर क्षेत्र में अवैध निर्माण और बिना नक्शा पास कराए विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की गई। प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में चले इस अभियान के दौरान प्राधिकरण के दस्ते ने करोड़ों की भूमि पर किए गए अवैध कब्जों और निर्माण को मिट्टी में मिला दिया। 3600 वर्ग मीटर की अवैध प्लाटिंग पर प्रहार प्राधिकरण की टीम ने मुरादनगर के ग्राम-सरना में खसरा संख्या-602, 603 और 605 पर धावा बोला यहाँ शहजाद मलिक, सलीम मलिक, शरद सिंहल और अन्य सहयोगियों द्वारा लगभग 3600 वर्ग मीटर के विशाल भूखंड पर बिना किसी स्वीकृत मानचित्र या ले-आउट के अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी।

भू-माफियाओं ने करीब दो फीट ऊंचाई तक चिनाई कर प्लाटिंग का काम शुरू कर दिया था, जिसे जेसीबी मशीनों के जरिए पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।

# सीएम पुष्कर सिंह धामी के साथ प्रशांत चौधरी ने किया भंडारे का वितरण



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता प्रशांत चौधरी उत्तराखंड में मौजूद रहे। यहां अपने पुत्र तुल्य विवेक भाटी के साथ वो यादगार पल का हिस्सा बने। उन्होंने उत्तराखंड के सीएम के साथ भंडारे का प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें बहुत बुरा लगा जब मारा था मारने वाले ने त्यागी जी के कार्यालय पर बैठने को लेकर ताना? सुना है ताने के बाद जबरदस्त हुआ था यहां पर ताना बाना? हमें लगा था उनको नहीं करना चाहिए था इनके साथ ऐसा व्यवहार? त्यागी जी को भी निभाना चाहिए था खुद्दारी वाला व्यवहार? मगर हमने देखा दो दिन बाद वो स्वागत वाले फोटो में फिर आ गये कार्यालय पर नजर? कहने वाले ने कहा या तो वो अच्छाई और बुराई से काफी उपर उठ चुके हैं?या फिर नहीं करते हैं वो इस तरह की बातों की फिक्र?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि साईकिल पर जो चेहरे शहर सीट पर सवार होने की कर रहे हैं तैयारी? मैं चाहता हूं उनको दे दो एक अहम जानकारी? करा दो उनको इस बात का एहसास? 14 हजार व्यक्तिगत वोटों का डाटा कोई दावेदार देकर आ गया है भैया जी के हाथ? सुना है डाटा देते ही भैया जी के भी चेहरे पर आई है स्माईल? हमें तो डर है कहीं ये डाटा बंद ना कर दे बाकी दावेदारों की फाईल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब आपने किया अपनी खबर में युवा मोर्चा के दावेदारों का जिक्र? तब हमें यहां पर हुई भगवागिरी की फिक्र? हमें लगा आपने बेमतलब में कर दिया उसका यहां से गुणगान? जिसकी ये चेहरा तो नोएडा और लोनी में फोकस रखता है? वहीं से होना चाहिए इसका समाधान? कहने वाले ने कहा चलो ये अच्छा है कि आपने उसके नाम का जिक्र कर दिया? इससे चर्चा में रहता है दावेदारों का नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्रान्तिकारी विधायक ने करा दिया अपने दिल के जज्बातों का एहसास? वो बोले मुझे पता है कौन क्यों दे रहा है मेरा डटकर साथ? सब मेरे माध्यम से लड़ रहे हैं अपनी अपनी लड़ाई? सबको पता है कि वो अकेले लड़ेंगे तो नहीं चढ़ेगी उनकी उम्मीदों की कढ़ाई? विधायक जी ने फिर यहां पर दिया परम ज्ञान? वो बोले हमें सबके इरादों का पता है? मगर हम ज्यादा छोटी बातों पर नहीं लगाते ध्यान? अगर किसी का हमसे आटिर्फिशियल रूप से जुड़ने में काम चल रहा है? तो भी इसमें हमें किसी भी तरह की समस्या नहीं है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा किंग ने कराया इस बात का एहसास? उन्होंने पूरी शिद्दत से गागर में सागर भरने वाले का नाम ऊपर वालों के पास रखा था साहब? सुना है यहां पर गागर वालों ने मारा है स्विंग? वो बोले मुझे समझ नहीं आ रहा ऐसा क्यों कह रहे हैं किंग? उन्होंने तीसरे नंबर पर किया था मेरा नाम अपडेट? मुझे एक-एक बात का पता है? मेरे भी हैं हर जगह पर संबंधों के गेट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि फिर इससे आगे भी रखी गागर में सागर भरने वालों ने अपनी बात? कहा वो जिन चेहरों को टारगेट पर ले रहे हैं? उन्होंने ही निभाया था मेरा साथ? कमांडर ने रखा था प्रमुखता से मेरा नाम? मैंने पहले ही कहा है कि मेरे संबंधों के गेट हर जगह खुलते हैं? मुझे कोई भी अब बरगला नहीं सकता श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक भगवा कमिश्नर इन दिनों चल रहे हैं संगठन के सिरमोर से बहुत ज्यादा नाराज? उन्हें बर्दाश्त नहीं हो रही है सिरमोर द्वारा विधायक जी के बेसमेंट में रहने की बात? ये कमिश्नर अब दे रहे हैं तर्क? जैसी उनकी होगी वारफेर? वैसे ही हम अपने अंदाज करेंगे अर्ज? हम इससे रखें संबंध? ये हमारा व्यक्तिगत है मैटर? वो हमसे संगठन के काम करवायें? यही रहेगा उनके लिए बैटर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब पढ़े उसने युवा मोर्चा वाली खबर के नाम? तब उसने खींचा यहां पर विशेष रूप से ध्यान? वो बोले आज मेरी लिख कर रख लो आप बात? जिन चेहरों का आपने जिक्र किया है? वो तो देखते रहेंगे ख्वाब? यहां पर राम जी की कृपा से होना है त्यागी चेहरे का ही काम? आपको पता है हम इन मामलों में बहुत बारीक है? ऐसी बारीकियों पर हम रखते हैं अपने कान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे आपके भंडारे में गोयल और गर्ग साहब के पास? गर्ग साहब करा रहे थे खुद के पोलिटिक्ल अपरिपक्व होने का एहसास? ये बात मिस्टर गोयल को नहीं लगी खास? उन्होंने कहा मैं सबकुछ मान सकता हूं मगर ये नहीं कर सकता बर्दाश्त? गर्ग साहब का है राजनीति में अपनी ही नूर? वो जिसको चाहें सोना बना दें उनके हाथ है कोहीनूर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पूरे पवन के वेग से भाजपा के दो वैश्य चेहरे दिखाते थे अपना तेज? आजकल वो खामोश खामोश से हैं? पता ही नहीं चलता है कहां है उनका फेस? उनकी खामोशी हमें करा रही है आने वाले तूफान का एहसास? क्योंकि हमने उनको इतना कभी खामोश नहीं देखा है साहब?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# इंदिरापुरम को मिलेगी सीवर संकट से राहत

## ट्रेंचलेस तकनीक से 250 मीटर लाइन डालकर खत्म हुई वर्षों पुरानी समस्या



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम ने इंदिरापुरम क्षेत्र के निवासियों को लंबे समय से परेशान कर रही सीवर ओवरफ्लो की समस्या से बड़ी राहत दिलाई है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में हाईटेक ट्रेंचलेस तकनीक का उपयोग करते हुए बिना सड़क को नुकसान पहुंचाए करीब 250 मीटर लंबी और 1800 एमएम व्यास की सीवर कनेक्टिंग लाइन डाली गई। इस परियोजना की खास बात यह रही कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए द्वारा पहले से डाली गई पुरानी सीवर लाइन को करीब डेढ़ मीटर नीचे शिफ्ट किया गया, जिससे तकनीकी खामियों को जड़ से खत्म किया जा सका और ओवरफ्लो की समस्या का स्थायी समाधान मिला। करीब 3.5 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हुआ यह कार्य 6 महीने के भीतर पूरा किया गया। इस दौरान सड़क की खुदाई से बचने के लिए विशेष ध्यान रखा गया और केवल चार स्थानों पर सीमित पैचवर्क किया गया।

### संयुक्त टीम ने किया समाधान :




**करंट क्राइम :** इस जटिल समस्या के समाधान के लिए नगर आयुक्त के निर्देश पर एक विशेष समिति का गठन किया गया, जिसमें जल निगम, जलकल विभाग और वीए टेक वाबैग के विशेषज्ञ शामिल रहे। टीम में प्रमुख रूप सेजल निगम के चीफ आरके पंकज, अधीक्षण अभियंता चंद्र मोहन सोलंकी, अधिशासी अभियंता अरुण प्रताप सिंह, जलकल विभाग के महाप्रबंधक कामाख्या प्रसाद आनंद, अधिशासी अभियंता आशु कुमार, वाबैग के प्रोजेक्ट हेड अनुज त्रिपाठी सभी ने मिलकर पुरानी सीवर व्यवस्था का गहन अध्ययन किया और तकनीकी स्तर पर स्थायी समाधान तैयार किया। नई लाइन को सीआईएसएफ रोड से होते हुए इंदिरापुरम के मुख्य पंपिंग स्टेशन तक जोड़ा गया, जिससे पूरे क्षेत्र की ड्रेनेज व्यवस्था में सुधार आया है। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि स्थानीय निवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि इंदिरापुरम में वर्षों पुरानी इस समस्या का समाधान तकनीकी दृष्टि से चुनौतीपूर्ण था, लेकिन ट्रेंचलेस तकनीक के माध्यम से इसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि निगम आगे भी क्षेत्र की अन्य समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य करता रहेगा। नगर निगम द्वारा इस परियोजना की लगातार निगरानी की जा रही है ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या दोबारा न उत्पन्न हो। साथ ही अन्य विभाग भी इंदिरापुरम में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में लगे हुए हैं।

### पूजा अर्चना



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी श्री बांके बिहारी मंदिर में पहुंचे। उन्होंने इस अवसर पर पूजन अर्चन किया। इस मौके पर गुलाब पंडित, संजय चौधरी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# पॉल्यूशन फैलाने वाली नौ फैक्ट्रियां सेल बिजली कटी



**लोनी (करंट क्राइम)।** अवैध रूप से चलने वाली पॉल्यूशन फैलाने वाले फैक्टियो पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एसडीएम दीपक सिंधनवाल ने बताया कि ग्रामीण इलाके भनेडा असालत पुर महमूदपुर फरुखनगर लोनी आदि मे पॉल्यूशन फैलाने वाले करीब नौ फेक्टियों पर गुरुवार को सीलिंग की कार्रवाई की है। इन फैक्टियो के बिजली कनेक्शन भी काट दिये गये है। गुरुवार को नायब तहसीलदार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर पालिका परिषद, विद्युत निगम व पुलिस की संयुक्त टीम ग्रामीण इलाकों मे पहुंचे और वहां ढलाई तथा जींस रंगाई के अलावा तार जला कर मेटल स्मेलिंटग की इकाइयों को सील कर दिया। एसडीएम ने बताया कि बुधवार को भी टीम ने गायत्री विहार कालोनी में ढलाई की 16 फैक्ट्री सील कर विद्युत कनेक्शन काटे थे, वही सोमवार और मंगलवार को भी टीम ने बेहटा हाजीपुर इलाके में कार्रवाई कर करीब 15 से अधिक फैक्ट्रियों कार्रवाई की थी।

# डीसीपी धवल जायसवाल ने किया लिंक रोड थाने का निरीक्षण

## आज होगा पुनः उद्घाटन, लाइटिंग और गार्डनिंग से बदलेगी तस्वीर



**आज पुलिस कमिश्नर रहेंगे बड़े खाने में शामिल**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद प्रणाली के तहत थानों के कायाकल्प का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में ट्रांस हिंडन जोन के थाना लिंक रोड में भी व्यापक सुधार कार्य अंतिम चरण में है और जल्द ही इसका औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा।

गुरुवार को डीसीपी ट्रांस हिंडन अस्थाई धवल जायसवाल ने थाना लिंक रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव और थाना प्रभारी रविंद्र पंत भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अब तक किए गए कार्यों पर संतोष जताया। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड की मौजूदगी में थाना परिसर के नवीनीकरण का उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर बड़े स्तर पर कार्यक्रम और भोजन व्यवस्था (बड़ा खाना) भी आयोजित किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने थाने में की गई लाइटिंग व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि लाइटिंग पूरी तरह चालू होने के बाद मुख्य गेट और फ्रंट ऑफिस की सुंदरता और आकर्षण और बढ़ जाएगा, जिससे आम जनता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

हालांकि, उन्होंने कुछ कमियों को भी चिन्हित किया और उन्हें जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही साफ-सफाई, फर्नीचर, बैठने की व्यवस्था और अन्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। डीसीपी ने थाना प्रभारी और एसीपी को अब तक किए गए कार्य के लिए बधाई दी, वहीं स्पष्ट किया कि थानों की कार्यप्रणाली के साथ-साथ उनकी भौतिक स्थिति भी आधुनिक और व्यवस्थित होनी चाहिए, ताकि जनता को बेहतर अनुभव मिल सके। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा किए जा रहे इन सुधार कार्यों से न सिर्फ थानों की तस्वीर बदल रही है, बल्कि आम जनता का भरोसा भी मजबूत हो रहा है।



### हनुमान जयंती

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद महानगर में हनुमान जयंती के अवसर पर गोल्फ लिंक्स, वेव सिटी, सदरपुर, महरौली, कविनगर सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में भाजपा युवा नेता अक्षय चौधरी सक्रिय रूप से शामिल रहे। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए श्रद्धालुओं के बीच सेवा भाव से सहभागिता की और आयोजनों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# आरकेजीआईटी गाजियाबाद में 'तत्व-26' और 'अलाकृति-26' का शुभारंभ

## सेलेब्रिटी नाइट में सुनंदा शर्मा बिखेरेंगी सुरों का जादू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय वार्षिक तकनीकी उत्सव 'तत्व-26' और मैनेजमेंट फेस्ट 'अलाकृति-26' का उत्साहपूर्वक आगाज हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि और आरकेजी ग्रुप के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे मंच युवाओं की क्षमताओं और हुनर को निखारने के लिए अनिवार्य हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. बी. सी. शर्मा और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान के मार्गदर्शन में आयोजित इस उत्सव में विविध प्रतियोगिताओं की धूम रही। लिटरेरी काउंसिल द्वारा डिबेट और ओपन माइक, जबकि कल्चरल काउंसिल द्वारा ग्रीक थीम आधारित रैम्प वॉक और नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए।

हॉबी काउंसिल ने रोबो रेस और आर्ट मेला के जरिए छात्रों की रचनात्मकता को परखा। स्पोर्ट्स काउंसिल ने कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया।

इस महोत्सव का समापन 3 अप्रैल को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा। समापन समारोह का मुख्य आकर्षण सेलेब्रिटी नाइट होगी, जिसमें मशहूर पंजाबी गायिका सुनंदा शर्मा अपने गीतों से प्रस्तुति देंगी। संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि इस फेस्ट का उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास और सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाना है।

# धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

## नवनियुक्त पार्षदों और पदाधिकारियों का हुआ स्वागत





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मास्टर जितेंद्र सैन के निवास पर हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और नवनियुक्त राजनीतिक पदाधिकारियों ने शिरकत की, जिससे कार्यक्रम की शोभा और बढ़ गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों का नागरिक अभिनंदन हनुमान जन्मोत्सव के इस शुभ अवसर को सम्मान समारोह के रूप में भी मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित नवनियुक्त नामित पार्षद संजय रावत, नवनियुक्त महानगर उपाध्यक्ष विनोद कसाना ओर राजन आर्य का स्वागत किया गया। सतीश सैन और ब्रह्मपाल चंदेला ने सभी अतिथियों को पटका पहनाकर और माला अर्पण कर उनका नागरिक अभिनंदन किया। वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम के दौरान मास्टर जितेंद्र सैन ने मंडल अध्यक्ष विपिन डागर और पूर्व मंडल अध्यक्ष डब्बी पहलवान का विशेष स्वागत किया।

प्रमुख रूप से उपस्थित रहे गणमान्य जन भक्ति और हर्षोल्लास के इस माहौल में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से : महामंत्री : राजकुमार चंदेला, उदयवीर।

प्रतिनिधि : पार्षद पति संदीप सरदार, प्रदेश कार्यकारिणी समिति महिला मोर्चा से प्रियंका पांडे।

युवा एवं समाज सेवी : सनी शर्मा, सनी यादव, रामावतार सैन, बीरे चंदेला, दिनेश चंदेला।

अन्य सदस्य : अजय शर्मा, हनी चंदेला, रविंद्र प्रजापति, बृजेश पाठक, लकी चौधरी और मुखिया रघुवर चंदेला। भक्तिमय रहा माहौल कार्यक्रम का समापन हनुमान जी की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। सैन और चंदेला परिवार के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर इस आयोजन को सफल बनाया।

# हर्षोल्लास के साथ में मनाया हनुमान जन्मोत्सव का पर्व



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 5 में हनुमान जन्मोत्सव पर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान आयोजन स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। वातावरण भक्तिमय बन गया। साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वसुंधरा सेक्टर 5 स्थित मनोहर पार्क में जन्मोत्सव पर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सुंदर कांड का सगीतमय पाठ किया गया। साथ ही हनुमान जी महाराज को फलों और मिष्ठान को भोग भी लगाया गया। भक्ति और आनंद का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुंदर कांड के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया।

# डेटिंग ऐप के जाल में फंसाकर लूट, चार गिरफ्तार

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा पुलिस ने एक ऐसे शातिर गिरोह का पदार्फाश किया है जो डेटिंग ऐप के जरिए लोगों को हुस्न के जाल में फंसाकर लूट और ब्लैकमेलिंग की वारदातों को अंजाम देता था। थाना सेक्टर-126 पुलिस ने इस गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गए गहने और नकदी बरामद की है। अभियुक्त फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को अपने पास बुलाते थे, वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते थे और गहने-पैसे लूट लेते थे। ये चारों आरोपी दिल्ली और गाजियाबाद के रहने वाले हैं और संगठित तरीके से अपराध को अंजाम दे रहे थे।

एडिशनल डीसीपी नोएडा मनीषा सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर-126 नोएडा पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से कार्यवाही करते हुए ऑनलाइन डेटिंग एप के माध्यम से व्यक्तियों से धोखाधड़ी व छिनैती करने वाले 4 अभियुक्त सुशांक सिंह पुत्र रामस्वरूप, प्रदीप पुत्र लालचंद, .रोहित कुमार पुत्र मुक्तिनाथ तथा वासु पुत्र विकास कुमार को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

### चिन्टू जी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।